

## धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि, कुबेर-लक्ष्मी की पूजा से बढ़ेगी सुख-समृद्धि

धनतेरस के दिन आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा से निरोगी रहने का वरदान मिलता है। महालक्ष्मी और कुबेर की पूजा करने से धन, वैभव में बढ़ोतरी और परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ती है। पूजन का शुभ मुहूर्त- शाम 5 बजकर 25 मिनट से शाम 6 बजे तक। प्रदोष काल- शाम 05.39 से 20.14 बजे तक। वृषभ लग्न - शाम 06.51 से 20¬47 तक। खरीदारी का शुभ मुहुर्त - सुबह 6 से रात 1 बजे तक धनतेरस की शाम मृत्यु के देवता यमराज के नाम से दीप प्रज्वलन करने से अकाल मृत्यु नहीं होने की मान्यता है।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 269- ● जबलपुर ● मंगलवार, 2 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

धनतेरस, नरक चौदस विशेष पृष्ठ 7 पर

# भाजपा-कांग्रेस की बराबर-बराबर दिवाली

## मध्यप्रदेश में खंडवा लोकसभा भाजपा के पास, जोबट में आगे, रैगांव, पृथ्वीपुर में संघर्ष

**नई दिल्ली, भोपाल।** 30 अक्तूबर को तीन लोकसभा और 29 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए काउंटिंग जारी है। तीन लोकसभा सीटों में दादरा व नगर हवेली, हिमाचल प्रदेश की मंडी और मध्य प्रदेश की खंडवा सीट है। वहीं विधानसभा कि बात करें तो असम की पांच, बंगाल की चार, मध्यप्रदेश, मेघालय और हिमाचल की तीन-तीन, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक की दो-दो, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, मिजोरम और तेलंगाना की एक-एक सीट के नतीजे आने वाले हैं

### लोकसभा में भाजपा, कांग्रेस और शिवसेना को बढ़त


लोकसभा की तीन सीटों में से एक पर भाजपा, एक पर कांग्रेस और एक पर शिवसेना को बढ़त मिली हुई है। मध्यप्रदेश की खंडवा में भाजपा आगे चल रही है। वहीं हिमाचल की मंडी में कांग्रेस को बढ़त मिली हुई है। शिवसेना को दादरा व नगर हवेली सीट पर लीड कर रही है।

### 15 विधानसभा में कांटे की टक्कर

29 विधानसभा सीटों में 15 पर कांग्रेस और भाजपा के बीच में कांटे की टक्कर हो रही है। चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक 8 सीटों पर भाजपा लीड कर रही है तो कांग्रेस सात सीटों पर बढ़त बनाई हुई है।

### टीएमसी आगे

विधानसभा की कुल 29 में से आठ सीटों पर भाजपा ने बढ़त बना ली है। जबकि बंगाल में चारों सीटों पर टीएमसी आगे चल रही है।




### आंध्र प्रदेश में YSRCP, तो असम में भाजपा, बिहार में कड़ी टक्कर

14 राज्यों में विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की मतगणना जारी है। YSRCP आंध्र प्रदेश में 1 सीट पर आगे, भाजपा असम में 3 सीटों पर और PPL 2 पर आगे, बिहार में जद(यू) और राजद एक-एक सीट पर आगे। हरियाणा में INLD 1 सीट पर आगे चल रही है।

### चुनाव परिणाम के बाद विजय जुलूस की अनुमति नहीं

चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद विजय जुलूस की अनुमति नहीं है। संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से चुनाव का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विजेता उम्मीदवार या उसके अधिकृत प्रतिनिधि के साथ दो से अधिक व्यक्तियों को जाने की अनुमति नहीं है।

### बंगाल में टीएमसी चारों सीटों पर आगे तो कांग्रेस राजस्थान में दोनों सीटों पर आगे

मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट 1 सीट पर आगे चल रही है वहीं कांग्रेस राजस्थान की दोनों सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा तेलंगाना में अकेली सीट पर और टीएमसी पश्चिम बंगाल की सभी चार सीटों पर आगे चल रही है।

### मेघालय उपचुनाव में शुरुआती रुझानों में सत्तारूढ़ एनपीपी, यूडीपी को बढ़त

मेघालय की मॉरिंगकेंग विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए मंगलवार को जारी मतगणना के शुरुआती रुझान में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) आगे चल रही है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक एनपीपी के पिनिएड सिन्ह सियेम कांग्रेस के उम्मीदवार एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हाईलैंडर खारमलकी से 246 मतों से आगे चल रहे हैं। 14 राज्यों में विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उपचुनाव में असम की 5 में से 2 सीटों पर भाजपा, हरियाणा की एक सीट पर इनेलो, हिमाचल प्रदेश की तीन में से दो सीटों पर कांग्रेस और मध्यप्रदेश की सभी 3 सीटों पर भाजपा आगे चल रही है। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस ने बढ़त बना ली है। यहां मंडी संसदीय सीट पर कांग्रेस के दिवंगत नेता वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह एक बार फिर भाजपा के ब्रिगेडियर कुशाल चंद ठाकुर से 4704 मतों से आगे चल रही हैं।

## रैगांव में कांग्रेस की बढ़त बरकरार



**सतना।** रैगांव विधानसभा उपचुनाव के 30 अक्टूबर को हुए मतदान का परिणाम आज सबके सामने होगा। पहले रुझान में भाजपा प्रत्याशी प्रतिमा बागरी 836 मतों से आगे हैं। दूसरे राउंड की मतगणना में भाजपा 219 वोट से आगे बताई जा रही है। तीसरा राउंड आते-आते भाजपा की लीड कम होती जा रही है। हालांकि अभी भी भाजपा ही बढ़त बनाए हुए है। भाजपा अब भी 64 मतों से बढ़त बनाए हुए है।अभी तक कांग्रेस को कुल 11671 मत और भाजपा को 11891 मत प्राप्त हुए हैं। छटवें राउंड में भाजपा प्रत्याशी से कांग्रेस प्रत्याशी 692 मतों से आगे हो गईं हैं। दसवें राउंड तक कांग्रेस की बढ़त तीन हजार के पार पहुंच गई है। ग्यारवे राउंड तक यह आकड़ा 4270 पहुंच गया है।

## पृथ्वीपुर में भाजपा की बढ़त

**निवाड़ी-टीकमगढ़।** पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र से उप चुनाव में भाजपा की बढ़त लगातार बरकरार है। 12 वें राउंड में भाजपा प्रत्याशी को 4080 मत मिले हैं, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 2969 मतों पर संतोष करना पड़ा है। इस प्रकार सभी राउंड को मिलाने पर भाजपा प्रत्याशी को 44369 एवं कांग्रेस को 39880 मत मिले हैं। भाजपा प्रत्याशी 4489 मतों से आगे चल रहे हैं। अब केवल दस राउंड शेष बचे हैं। ऐसे में शाम पांच बजे के पहले परिणाम सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है। पृथ्वीपुर विधानसभा उपचुनाव में मतगणना शुरू होने के बाद केवल तीन राउंड को छोड़ दें तो सात राउंड में भाजपा ही आगे रही है। कांग्रेस आंशिक रूप से लीड कुछ कम करने में जरूर कामयाब हुई, लेकिन अब तक बढ़त हासिल नहीं कर पाई है।

## खंडवा में भाजपा का जश्न

**खंडवा।** लोकसभा उपचुनाव की मतगणना का काम मंगलवार सुबह आठ बजे से पालीटेक्निक कालेज में शुरू हो गया। सुबह से जारी मतगणना में राउंड दर राउंड उत्साह बढ़ता गया। दोपहर 12 बजे बाद भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के मतगणना स्थल पर पहुंचते ही सैंकड़ों समर्थकों ने ढोल ढमाके पर नाचते हुए जमकर आतिशबाजी की। प्रत्याशी पाटिल भी नाच उठे जीत और दीपावली की धनतेरस की खुशी जताई। पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। मतगणना का काम कुल 59 राउंड में पूरा होगा। बुरहानपुर विधानसभा की गिनती 32 राउंड में होगी, जबकि नेपानगर विधानसभा की गिनती 27 राउंड में पूरी होगी।

## जोबट में कांग्रेस पीछे

**आलीराजपुर।** जोबट विधानसभा उप चुनाव का परिणाम मंगलवार को सामने आएगा। इसके साथ ही यह तय हो जाएगा कि जोबट विधानसभा का ताज किसके सिर सजेगा। अब तक भाजपा की उम्मीदवार सुलोचना पटेल आगे चल रही है। 21 चरण की मतगणना के बाद कांग्रेस के महेश पटेल को 35717 और भाजपा की सुलोचना रावत को 49511वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी 13794 मतों से आगे है।17वें चरण के बाद सुलोचना रावत भाजपा 39887 को और महेश पटेल कांग्रेस को 27666 वोट मिले। सुलोचना रावत 12221 वोटों से आगे हैं। नोटा को मिले 3192। बीजेपी प्रत्याशी सुलोचना रावत 15 राउंड के बाद कुल 11602 वोटों से आगे हैं।

## फटाफट खबरें



### अब टीम इंडिया की कप्तानी कर सकते हैं केएल राहुल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद टीम के कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देगा। बीते कुछ महीनों से कई भारतीय खिलाड़ी लगातार खेल रहे हैं। केएल राहुल न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे क्योंकि कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। विराट कोहली टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 से टीम इंडिया की कप्तानी छोड़ देंगें घोषणा वह पहले कर चुके हैं।

### भाजपा में शामिल हुए सपा विधायक सुभाष पासी

**लखनऊ।** सपा से निष्कासित किए गए विधायक सुभाष पासी ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके पहले सुभाष पासी को पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए सपा से निष्कासित कर दिया गया।सुभाष पासी गाजीपुर जिले की सैदपुर विधानसभा सीट से सपा के विधायक थे।

### कांग्रेसी विधायक एसडीएम की कार के सामने लेट गए

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिला सौसर अनुविभाग के एसडीएम श्री कुमार सत्यम और कांग्रेस विधायक विजय रेवनाथ चौरे के बीच तनाव की स्थिति बन गई। नाराज कांग्रेस विधायक एसडीएम की कार के सामने लेट गए। अंतत: एसडीएम को कार से उतर कर समस्या सुननी पड़ी। तब जाकर मामला शांत हुआ।5 वित्त आयोग को लेकर जनपद पंचायत सीईओ द्वारा की गई अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस विधायक विजय रेवनाथ चौरे और अन्य नेता सोमवार को प्रदर्शन कर रहे थे। वह चाहते थे कि एसडीएम धरना स्थल पर आकर ज्ञापन ले लेकिन एसडीएम अपनी कार में सवार होकर ऑफिस से निकलने लगे। एसडीएम चाहते थे कि उन्हें कार से नीचे ना उतरना पड़े और कांग्रेस विधायक कार के दरवाजे पर आकर ज्ञापन दे जाएं। इसी बात को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। विधायक विजय चौरे एसडीएम की कार के सामने बैठ गए। उनके समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

## चाय की दुकान में घुसा बेकाबू ट्रक, 6 लोगों की मौत



**गाजीपुर।** गाजीपुर में मंगलवार की सुबह रफ्तार का कहर नजर आया। मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली गांव की चट्टी पर सुबह आठ बजे चाय की दुकान में ट्रक बेकाबू होकर घुस गया। जिससे कुचलकर छह लोगों की मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर जमकर पीटा। पुलिस ने किसी तरह चालक को ग्रामीणों से छुड़ाकर उपचार के लिए भेजा। दुर्घटना में घायल अन्य लोगों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। नाराज ग्रामीणों ने घटनास्थल पर चारों शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। डीएम और एसपी ग्रामीणों को समझाने में जुटे रहे।

## पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। 100 करोड़ की वसूली मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल देशमुख को बीती देर रात गिरफ्तार कर लिया। वे कई दिनों से लापता रहने के बाद सोमवार सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर अचानक प्रवर्तन निदेशालय पहुंचे थे । अनिल देशमुख को ईडी ने पांच बार पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वह बीमारी और लंबी उम्र का बहाना बनाकर गायब थे।

# मेरे परिवार को फंसाने की कोशिश

## नवाब मलिक के आरोपों का जवाब देते हुए समीर वानखेड़े ने कहा



**मुंबई।** एनसीपी नेता नवाब मलिक और एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के बीच छिड़ी लड़ाई खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अब नवाब मलिक की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए समीर वानखेड़े ने कहा है कि हमें लंबे समय से ड्रग केस में फंसाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे ड्रग माफिया का हाथ है। समीर वनखेड़े ने बताया कि सलमान नाम के ड्रग पेडलर ने मेरी बहन से संपर्क किया था, लेकिन उसने उसे वापस भेज दिया था। इसके बाद समीर ने एक बिचौलिए के जरिए हमें ड्रग केस में फंसाने की कोशिश की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था, फिलहाल वह जेल में हैं। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप चैट शेयर कर मुझ पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे सभी झूठे हैं। समीर वानखेड़े ने कहा कि हमें झूठे केस में फंसाने के लिए बिचौलिए ने इसी साल जनवरी में मुंबई पुलिस को हमारे खिलाफ झूठी शिकायत दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सलमान जैसे ड्रग पेडलर का इस्तेमाल कर हमारे परिवार को फंसाने की कोशिश की जा रही है। इन सब चीजों के पीछे ड्रग माफिया है।

## पवार की संपत्ति होगी सीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में केंद्र एजेंसी की कार्रवाई लगातार जारी है। पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की गिरफ्तारी के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार पर शिंकजा कसने वाला है। आयकर विभाग ने अजित की कई संपत्ति सीज करने का अस्थाई नोटिस जारी किया है। इसमें महाराष्ट्र में 27 प्रॉपर्टी, गोवा में रिसार्ट और एक शुगर मिल शामिल है। ये संपत्तियां एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की हैं।

## यमुना एक्सप्रेसवे किनारे दो बच्चों के शव मिले, एक कंटीले तारों पर उल्टा लटका था

**मथुरा।** मथुरा में मंगलवार की सुबह यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 74 और 78 पर दो बालकों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों की बेरहमी से हत्या की गई है। माइलस्टोन 78 पर कंटीले तारों पर 13 साल के बालक को लटकाया गया, जबकि नौ साल के बच्चे के शव को कंटीले तारों के पास फेंका गया। पुलिस के अनुसार दोनों भाई प्रतीत हो रहे हैं।

## अनोखे महालक्ष्मी मंदिर में लक्ष्मी जी का श्रंगार



**रतलाम।** कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के साथ ही देश के सबसे अनोखे महालक्ष्मी मंदिर में माता लक्ष्मी का श्रंगार प्रारंभ हो गया। श्रंगार के लिए भक्तों द्वारा स्वर्ण एवं चांदी के आभूषण, हीरे-जवाहरात, नोटों की गड्डियां इत्यादि प्रस्तुत की जाती है। 5 दिन तक महालक्ष्मी के दर्शनों के लिए 24 घंटे पट खुले रहते हैं। रतलाम शहर के माणकचौक स्थित महालक्ष्मी मंदिर पर इस बार भी सजावट पहले जैसी है, लेकिन लगातार दूसरे साल कोरोना के चलते कुबेर पोटली का वितरण नहीं किया जाएगा। कोरोना संक्रमण के चलते मंदिर में गत वर्ष की तरह ही दर्शन व्यवस्था बदली गई है।







शुभांक - 3 -7- 3



# दीपोत्सव का आगाज, त्रिपुष्कर योग में धनतेरस आज

## सजी-धजी दुकानों में जमकर खरीदारी



**जबलपुर।** धनतेरस से पांच दिनों का दीपोत्सव पर्व शुरू हो गया है। आज हर तरह की खरीदारी, निवेश और नई शुरुआत के लिए पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेंगे। त्रिपुष्कर योग बनने से तीन गुना फायदा मिलने की भी संभावना है। धनतेरस पर सोना-चांदी और बर्तन खरीदने की परंपरा भी है। इस दिन शाम को प्रदोष काल में भगवान धन्वंतरि के साथ कुबेर और लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। अकाल मृत्यु से बचने और अच्छी सेहत की कामना से घर के बाहर यमराज के लिए दक्षिण दिशा में एक बत्ती का दीपक जलाया जाता है।

### तीन गुना फायदा देने वाला योग

धनतेरस पर्व पर त्रिपुष्कर योग बन रहा है। यानी इस शुभ योग में किए गए निवेश, खरीदारी और शुरुआत में तीन गुना फायदा मिलेगा। ये सुबह 6.35 से दोपहर तकरीबन 12 बजे तक रहेगा। लेकिन खरीदारी का अबूझ मुहूर्त होने के कारण खरीदी के लिए पूरा दिन और आधी रात बाद तक शुभ है। आज चंद्रमा अपने ही नक्षत्र में है और उस पर बृहस्पति की दृष्टि पड़ रही है। ये स्थिति भी सुख-समृद्धि और शुभ फल देने वाली रहेगी।

### दुल्हन की तरह सजा जबलपुर का बाजार

पहले दिन धन के देवता कुबेर और मृत्यु के देवतायमराज की पूजा का विशेष महत्व है। पिछले दो सालों से कोरोना की मार झेल रहे शहर में इस बार कोरोनाका पीक खत्म होने पर बाजार को उम्मीद जागी है। शहर की सजी-धजी दुकानों और जगमग रोशनी से नाएं शहर में मोना-चांदी, बर्तन, ठीकल्स, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कपड़े, ज्वेलरी आदि की आज धनतेरस पर जमकर खरीददारी होगी। चांदी, बर्तनों के अलावा अन्य सामानों की खरीददारी शुभ फलदायी मानी गई है। पर्व को लेकर शहर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दुकानों, शोरूमों को लुभावनो नारों, आकर्षक छूट और विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है। धनतेरस पर बर्तनों और सोना-चांदी की खरीदी का विशेष महत्व होने से बर्तनों और सोना चांदी की दुकानों, शोरुम दुल्हन की तरह सजे-धजे दिखाई दे रहे हैं। नगर के प्रमुख सराफा बाजार और कोतवाली क्षेत्र में स्वर्णभूषणों बर्तनों की खरीदी के लिए आज लोगों की अच्छी खासी भीड़ नजर आ रही है।

रंग-बिरंगे डिजाइनर दीयों, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों, लाई-बताशा, रंगोली सहित सभी किस पूजन व सजावटी सामग्रियों से सज गया है। पारम्परिक बाजारों में खरीददारी करने जमकर भीड़ उमड़ रही है।

| | | |
|---|---|---|
| लाई 90 | - | 100 रुपए किलो |
| बताशा | 100- | 110 रुपए किलो |
| सिंघाड़ा | 50- | 60 रुपए किलो |
| दीया | 100- | 110 रुपए सैकड़ा |
| तोरण | 100- | 1000 रुपए |
| लटकन | 20- | 100 रुपए |
| वंदनवार | 100 से | 1500 रुपए |
| झूमर | 100 से 500 रुपए | |

इन चीजों की मांग फूल, लाई, बताशा, केला के झाड़, दीये और मिट्टी के खिलौनों की खूब बिक्री हो रही है। पूजन के लिए आम के वृक्ष की पत्तियां, गन्ना, सिंघाड़ा, पेठा और पिंड खजूर की जबर्दस्त मांग है। सिविक सेंटर, गोरखपुर, सदर, रांझी, गढ़ा क्रासिंग तथा गढ़ा बाजार, अधारताल, ग्वारीघाट में सड़कों पर बाजार लगे हैं। सबसे खास बात यह है कि सालों गुजर गए लेकिन लक्ष्मी-मूर्ति दीप की मांग जस की तस बनी हुई है। कितनी भी मूर्तियां सजा ली जाएं, वे चंद घंटों में बिक जाती हैं।

### बाजारों में पटाखे की दुकानें भी लगीं

शहर में दिवाली पर्व की पटाखें की दुकानें भी लगनें लगी हैं। शहर में काठौंदा, गोलबाजार, गढ़ा, गोरखपुर, महानदद, रांझी बड़ा पत्थर, अधारताल, सदन समेत शहर में कई महत्वपूर्ण जगहों पर पटाखा बाजार लग चुका है।

## बीएसएनएल ने मनाया सर्तकता जागरूकता सप्ताह

**जबलपुर।** कार्यालय महाप्रबंध दूरसंचार निर्माणी जबलपुर द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग नईदिल्ली एवं मुख्य सर्तकता अधिकारी भारत संचार निगम लिमिटेड नईदिल्ली के निर्देश पर बीते दिनों सर्तकता जागरूकता सप्ताह स्वतंत्र भारत ञ्च 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता की थीम के साथ मनाया। कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह महाप्रबंधक दूरसंचार निर्माणी द्वारा सभी अधिकारियों- कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। वहीं फैक्टरी परिसर में बैनर लगाए गए, फैक्टरी के अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण पर अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी भारत संचार निगम मुख्यालय के संदेश का वाचन किया गया व अधिकारियों- कर्मचारियों ने इ- प्रतिज्ञा ली।

## सतर्कता व सावधानी से कम होगा भ्रष्टाचार

**जबलपुर,** । उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित स्वतंत्र भारत 75 वर्ष सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के मुख्यआतिथ्य में किया गया। उन्होंने मुख्यअतिथि की आसंदी से अच्छे नागरिकों की परवरिश के लिए सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए सतर्क व सावधान रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने प्रति ईमानदार रहकर भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है। अगर हम ईमानदार हैं तो कोई भी गलत कार्य करने से पहले दस बार सोचेंगे। यह बात बचपन से सिखाने की आवश्यकता है। तभी विद्यार्थी बड़े होकर एक जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए टीएफआरआई के निदेशक डॉ. जी. राजेश्वर राव ने बताया कि टीएफआरआई में भ्रष्टाचार के लिए जीरो टालरेंस है। सतर्कता अधिकारी डॉ. फातिमा शिरीन ने इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय और सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। निबंध प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुलिस सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने निबंध, कविता, स्लोगन में उत्साह के साथ सहभागिता करके अपनी प्रतिभा दिखाई। साथ ही अपनी कला के माध्यम से भ्रष्टचार को दूर करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने डॉ. जी. राजेश्वर राव और डॉ. ननिता बेरी के साथ टीएफआरआई संग्रहालय सह व्याख्या केंद्र का दौरा किया। मुख्य अतिथि ने टीएफआरआई फिल्म की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन सतर्कता अधिकारी डॉ. फातिमा शिरीन के द्वारा दिया गया । कार्यक्रम का संचालन अजिन शेखर, वैज्ञानिक बी, टीएफआरआई, जबलपुर द्वारा किया गया।



उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह एसपी ने बांटे पुरस्कार

### पीएफ कार्यालय में मनाया गया संगठन का 70वाँ स्थापना दिवस

## मानव सेवा के लिए ईपीएफओ सबसे बेहतर : सहरावत

**जबलपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का 70वाँ स्थापना दिवस क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। 1 नवम्बर 1952 को संगठन की स्थापना हुई थी। आज यह संगठन विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने कहा कि संगठन हमें मानवता की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। मानवता की सेवा के लिए ईपीएफओ से बेहतर कोई संगठन नहीं है। इस संगठन में नि:स्वार्थ कार्य करते हुए जो पुण्य कमाया जा सकता है उसकी तुलना किसी भी अन्य पुण्य कार्य से नहीं की जा सकती। इस अवसर पर उन्होंने अपनों से अपनी बात के माध्यम से अजय मेहरा, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त मप्र एवं छग का संदेश अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ साझा किया। कोविड-19 के दौरान कार्यालय ने जिन कर्मठ कर्मचारियों को खोया उनका स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही उन कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी किया जिन्होंने कोविड़ 19 के दौरान कार्यालय में उपस्थित होकर भविष्य निधि सदस्यों के भुगतान प्रकरणों का निबटान किया। स्थापना दिवस की संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक कलाकार संजीव सिन्हा और कार्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा भजन व गीतों की प्रस्तुतियों से वातावरण संगीतमय हो गया। इसके पश्चात सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। स्वागत भाषण सहायक भविष्य निधि आयुक्त शुभम अग्रवाल ने दिया। आभार प्रदर्शन प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण सिंह ने किया। संचालन प्रवर्तन अधिकारी रूप सिंह मरावी ने किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत

### सीनियर राष्ट्रीय खो-खो की मेजबान पहली बार मप्र को

## जबलपुर में 26 दिसंबर से होगी प्रतियोगिता

जबलपुर, यश भारत। मप्र के इतिहास में पहली बार सीनियर राष्ट्रीय खो-खो स्पर्धा आयोजित की जा रही है। भारतीय खो-खो संघ के सह सचिव एवं मप्र खो-खो संघ के सचिव संजय यादव ने बताया कि भारतीय खो-खो संघ ने मप्र को पहली बार यह स्पर्धा आयोजित करने का दायित्व सौंपा है। यह प्रतियोगिता 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक स्थानीय एमएलबी स्कूल के सामने स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मैदान में होगी जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग की 32 टीमें शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व 54वीं राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 8 नवंबर से 10 नवंबर तक इसी मैदान में होगा। जिसमें राज्य भर की टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर चल रहा है। इन प्रतियोगिताओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही है। ठहरने एवं खाने पीने का विशेष इंतजाम किया जाएगा।

### जबलपुर सहोदय एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता

## फिर लहराया स्टेमफील्ड का परचम






**जबलपुर।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, विजयनगर, जबलपुर की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अनुष्का शर्मा ने सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैंट द्वारा आयोजित जबलपुर सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में 18 स्कूलों की प्रतिस्पर्धा में प्रथम रनर पोजीशन का स्थान हासिल किया। अनुष्का ने पूरे उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही साथ विनर पोजीशन में डीपीएस मंडला और सेकंड रनर अप में बिलाबाँग हाई स्कूल तथा सेंट जोसफ कॉन्वेंट अस्नत्र्ख्र रहे । पूरे स्टेमफील्ड परिवार के साथ स्कूल प्रबंधक पर्व जायसवाल , श्रीमती सुप्रिया जायसवाल और प्रधानाचार्या श्रीमती मनमीत कोहली एवं सभी शिक्षकों ने जीत के क्षण की खुशी मनाई और अनुष्का को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी।


## वरिष्ठों का सम्मान 7 नवंबर को

**जबलपुर।** सुख समृद्धि और ज्योति के पर्व दीपावली में विकास समिति स्नेह नगर के तत्वावधान में 7 नवंबर 2021 को संस्था के कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह शाम 5. 00 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में उन वरिष्ठजनों का सम्मान किया जायेगा जिनने शिक्षा, समाज, धर्म एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। समिति के अध्यक्ष विनोद दुबे, रूपकिशोर प्यासी, आर. एस. पाण्डेय, आर. के. जैन आदि ने कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध किया है।





















# तिलवारा थाने के हवलदार के घर लोकायुक्त जांच

**आय से अधिक संपत्ति का मामला**

यहां हो रही जांच





**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर लोकायुक्त ने आज अलसुबह तिलवारा थाने में पदस्थ हवलदार के घर पर कार्रवाई धावा बोला । मामला आय से अधिक संपत्ति का है।**

## मुआयना कर रहा जांच दल खंगाले जा रहे बैंक अकाउंट

जांच दल बैंक अकाउंट, भूमि-भवन के कागजात और वाहनों का ब्यौरा खंगालने में लगा हुआ है। उप पुलिस अधीक्षक जेपी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्री नगर, पेट्रोल पंप के पास स्थित हेड कॉस्टेबिल सच्चिदानंद सिंह के घर में छापेमार कार्रवाई की जा रही है, जो जारी है। लोकायुक्त को सच्चिदानंद सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच के बाद छापेमार कार्रवाई की जा रही है। सिंह के पास कुल संपत्ति का ब्यौरा जांच दल खंगाल रहा है। सच्चिदानंद के घर में लोकायुक्त को कार्रवाई के दौरान अनेक वाहन और जेसीबी आदि मिली है। जिससे संबंधित कागजों की जांच टीम द्वारा की जा रही है।

फोटो: बबलू

## प्रॉपर्टी विवाद पर कार तोड़ी, घर में बरसाए पत्थर

# बहन, भाई ने छोटे के घर मचाया उत्पात

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा के शक्ति नगर में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर बहन और भाई ने छोटे भाई के घर पर सोमवार की देर रात तोडफोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कारों के शीशे तोड़े गए और घर में तोड़फोड़ कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने डायल 100 को सूचना दी। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग खड़े हुए।





पीड़ित युवक ने इसकी शिकायत गढ़ा थाने में की है। इंद्रजीत सिंह पिता कृष्णा प्रसाद सिंग उम्र 32 वर्ष निवासी शक्ति नगर थाना गढ़ा ने बताया कि दरमियानी रात करीब 11.30 बजे उसकी बहन गीता सिंग पति ओमप्रकाश निवासी गोरखपुर अपने बेटे पुष्कर के साथ आई और गालीगलौच करना शुरु कर दिया और डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में भाई धमेन्द्र कुमार सिंग निवासी सगड़ा भी शामिल है। जिन्होंने मिलकर उनकी तीन कारों के शीशे तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए घर में तोड़फोड़ कर दी। तिलवार और ग्वारीघाट थाने में पदस्थ है दोनों जीजा पीड़ित इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उसके दोनों जीजा थाना ग्वारीघाट और तिलवारा में पदस्थ है। जिनकी शह पर ही यह हमला हो रहा है। पीड़ित ने बताया कि घरेलु प्रॉपर्टी विवाद का मामला है। जिसका केस माननीय न्यायालय में विचाराधीन था और हम केस जीत चुके है। इसी आक्रोश के चलते उसके घर पर हमला हुआ है। वहीं, गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने कहा कि मामले की एफआईआर करने कोई भी पक्ष थाने नहीं पहुंचा है। यदि पीड़ित थाने पहुंचेंगे तो मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

# एक बच्ची की माँ ने रचाई दूसरी शादी

## गोरखपुर में प्रेमी जोड़े ने अपने आप को घर में किया बंद

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर में एक प्रेमी जोड़े ने शादी कर अपने आप को घर में बंद कर लिया। करीब एक घंटे तक चले फैमिली ड्रामें के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाईश दी तो प्रेमी जोड़े ने पुलिस को समझाते हुए कह दिया कि वह बालिग है, अपनी मर्जी से शादी कर सकते है। पूरा मामला कटंगा क्षेत्र का है। अपने पति को छोड़कर मायके में रह रही एक पांच वर्षीय बच्ची की माँ ने, घरवालों के खिलाफ जाकर अपने प्रेमी से दूसरी शादी कर ली। परिजनों की शिकायत पर मौके पर पहुंच पुलिस ने प्रेमी जोड़े को थाने बुलाया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। गोरखपुर थाना प्रभारी अर्चना नागर ने बताया कि युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस बल कटंगा पहुंचा था। जहां पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी ने पहली शादी कर पति को छोड़ दिया है, जिससे उसे पांच बर्ष की बेटी है। कल युवती ने एक लड़के से दूसरी शादी रचा ली और घर आ गयी। जब परिजनों ने विरोध किया तो दोनों प्रेमी जोड़े ने अपने आप को घर में कैद कर लिया। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। बेटी अचानक जब अपने दूसरे प्रेमी के साथ शादी रचाकर घर आई तो माता-पिता का दिल बैठ गया और युवती से पूछा कि यह सब कैसे हुआ, तो उसने कोई जबाव ना देते हुए इतना कहा कि यह उसका अब पति है। हम दोनों ने शादी कर ली है और बीच में कोई ना ही बोले तो अच्छा है। बेटी के ऐसे तेवर देख पीड़ित पिता ने मामले की सूचना गोरखपुर थाने में दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों का कमरा खुलवाया और थाने में बुलाकर समझाया। पीड़िता पिता की गुहार थी कि उसकी बेटी ने यह गलत किया है। लेकिन जब पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो बेटी ने उल्टे पुलिस को ही समझाते हुए कह दिया कि वह बालिग है अपने फैसले ले सकती है। किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित माता-पिता और बेटी को बैठालकर मामले का निपटारा किया।



# तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में दीपावली उत्सव

**जबलपुर यशभारत।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स जबलपुर प्रांगण में वृहद दीपावली महोत्सव मनाया गया। संस्था के चेयरमेन एस. सी. मसुरहा जी द्वारा सरस्वती एवं लक्ष्मी जी को माल्यार्पण कर दीपोत्सव पर्व का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्राध्यापकगण एवं समस्त स्टाफ ने दीपोत्सव का पर्व पारम्परिक गणवेश में उपस्थित होकर विभिन्न प्रकार की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें रंगोली, नृत्य, गायन, लोकगीत, कविता तथा पारंपरिक वेशभूषा, दीपक थाल साज-सज्जा कर छात्रों के साथ अपनी प्रतिभा का उत्कृट प्रदर्शन किया। प्राध्यापिकाओं द्वारा भी विभिन्न प्रकार के गीतों एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम के इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन एस.सी. मसुरहा ने दीपोत्सव पर्व की सभी को बधाइयाँ दी एवं सचिव पी.के. तिवारी ने दीपोत्सव के शुभ अवसर पर शुभकामनाएँ दी। इस दीपोत्सव पर संस्था के अध्यक्ष सचिव पी. के. तिवारी, सह-सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष रतन खर्द, प्रबंधकारिणी सदस्य शरद गुप्ता, डायरेक्टर डॉ. आई. के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू, डायरेक्टर एकेडेमिक डॉ. अर्पित शुक्ला, आई.टी.आई. डायरेक्टर प्रो. विशाल सक्सेना, एवं सिविल के डॉ. संजय वर्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन के डॉ. शोभित वर्मा, मैकेनिकल के प्रो. धीरज दवे, ह्यूमिनिटी साइंस की डॉ. शीतल मेहता, इलेक्ट्रिक विभाग की प्रो. दीपा गोलानी, पॉलीटेक्निक के प्रो. आशीष चौकसे, एवं टी.पी.ओ. एण्ड एम.बी.ए. हैड प्रो. नितिन गौर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. दीपा गोलानी, प्रो. स्वाती सोनी एवं प्रो. रितिका मल्होत्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में अनार, फुलझड़ी जलाकर एवं दिये प्रज्जवलित कर दीपोत्सव पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# जीसीएफ प्रबंधन कर रहा आई डी एक्ट का उल्लंघन

**जबलपुर यशभारत।** जीसीएफ मे वर्क्स कमेटी कालातीत हुए डेढ़ साल बीत चुके हैं।लेकिन जीसीएफ प्रबंधन को वर्क्स कमेटी चुनाव कराने की चिंता नहीं है।पहली कोरोना लहर के दौरान कालातीत वर्क्स कमेटी के चुनाव संक्रमण का बहाना लेकर टाल दिया।इसके बाद स्थिति लगभग सामान्य हो चुकी है जिसके चलते कार्यकाल पूरा होते ही जी आई एफ और आर्मी बेस वर्कशॉप मे चुनाव संपन्न हो चुके हैं।लेकिन जीसीएफ प्रबंधन डेढ़ साल बीत जाने के बाद चुनाव नहीं करवा रहा है। पिछले दिनों सभी यूनियनों ने अपने अपने स्तर पर प्रबंधन से चर्चा की।लेकिन बात आई गई हो गई।विगत 30 अक्टूबर को जीसीएफ की संयुक्त संघर्ष समिति ने संयुक्त ज्ञापन सौंपा।जिसमें मजदूर संघ(हथौड़ा)के अध्यक्ष मिठाई लाल रजक श्रमिक संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा और कर्मचारी यूनियन(इंटक)के अध्यक्ष संतराम ने संयुक्त ज्ञापन में कहा कि अविलंब वर्क्स कमेटी चुनाव कराए जांए।उल्लेखनीय है कि संविधान के औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत जहां एक सौ से ज्यादा कामगार है वहां चुनाव अनिवार्य रूप से कराया जाना चाहिए।लेकिन कभी कोरोना तो कभी निगम बनने की आड़ लेकर चुनाव नहीं कराये जा रहे हैं। इस संबंध में आयुध निर्माणी बोर्ड भंग होने के बाद गठित आयुध निदेशालय ने भी निर्देश जारी कर दिया है कि औद्योगिक संस्थानों में वर्क्स कमेटी चुनाव कराए जा सकते हैं।लेकिन जीसीएफ प्रबंधन संविधान में वर्णित औद्योगिक विवाद अधिनियम1948की अवहेलना कर रहा है।इस संबंध में मजदूर संघ(हथौड़ा)ने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय सिविक सेंटर में भी इसकी जानकारी दे दी है।

# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का पिच्छी का परिवर्तन समारोह आज



**जबलपुर।** दयोदय तीर्थ गौशाला में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का ससंघ पिछिका परिवर्तन समारोह एवं पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्या पीठ का शिलान्यास समारोह आज दोपहर 2-00 बजे दयोदय तीर्थ गौशाला परिसर में आयोजित किया जा रहा है . पिच्छी परिवर्तन समारोह में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को निशुल्क बस की व्यवस्था गोल बाजार स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने से उपलब्ध होगी । दिगंबर जैन संरक्षण सभा दयोदयतीर्थ गौशाला एवं प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैंपूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ में विलुप्त हो रही आयुर्वेदिक चिकित्सा विज्ञान, प्राकृतिक चिकित्सा ,योग को पुनर्स्थापित किए जाएंगे, 20 एकड़ क्षेत्र में 800 स्तरों का यह आयुर्वेद विद्या पीठ स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही 100 बालकों के लिए एवं 100 बालिकाओं के लिए प्रथक प्रथक गुरुकुल पद्धति से चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इस केंद्र में केरलीय पंचकर्म की सुविधा उपलब्ध होगी , 800बिस्तरों के इस वृहद पूर्णायु चिकित्सा केंद्र में 300 बिस्तर गरीब एवं असहाय रोगियों के लिए आरक्षित रखे जा रहे हैं। दुर्लभ एवं अप्राप्त जड़ी बूटियों का उत्पादन संजीवनी वाटिका में किया जाएगा

# बिरसा मुण्डा जयंती पखवाड़ा में चित्रकला प्रतियोगिता



**जबलपुर।** अमर शहीद बिरसा मुण्डा की जयंती पर अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ के तत्वावधान में जयंती पखवाड़ा का आयोजन 15 नवम्बर तक किया जा रहा है। बिरसा मुंडा आदिवासी पखवाड़ा की श्रृंखला में पहले दिन बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल मूर्ति पर माल्यार्पण दिनेश यादव शहर अध्यक्ष एव कौशल्या गोंटिया के मुख्य अतिथ्य एवं आदिवासी शबरी संघ के पदाधिकारियों के साथ सम्पन हुआ 12से 2 बजे निबंध प्रतियोगिता कस्तूरचंद हितकारनी स्कूल (विक्टोरिया हॉस्पिटल ) के सामने संपन्न हुई। कल दिनांक 2/11/2021 को 9.30 पर माल्यार्पण होगा मुख्य अतिथी नन्हे लाल धुर्वे पूर्व विधायक होंगे एवं चित्रकला प्रतियोगिता 12 से 2 बजे कस्तूरचंद हितकारणी विक्टोरिया के सामने संपन्न होगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष रोशनलाल जी, कुंजीलाल गोटिया जी, बबलू यादव, जितेंद्र यादव जी, मगनलाल भोमिया जी, बालवीर गोटिया, नेम सिंह मरकाम जी एवं शिव गोंटिया उपस्थित रहेगें।

# भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सभी को आगे आना होगा:सत्येंद्र ज्योतिषी

**जबलपुर।** खरपतवार अनुसंधान केंद्र जबलपुर में सतर्कता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सत्येंद्र ज्योतिषी एडवोकेट मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने कहा की सरकारी कामकाज के लिए पारदर्शी अति आवश्यक है जिससे सत्य निष्ठा के साथ आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की जा सकती है ।भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम में जे एस मिश्रा निर्देशक खरपतवार अनुसंधान केंद्र जबलपुर वैज्ञानिक आर दुबे एवं अन्य वैज्ञानिक गणों तथा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपना अभिमत प्रकट किया तत्पश्चात प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया कार्यक्रम में बसंत मिश्रा एवं अन्य लोगों की उपस्थिति सराहनीय रही।




# त्यौहार के पहले वेतन होने पर विभाग को साधुवाद



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बीईओ कार्यालय द्वारा विषम परिस्थितियों में भी दीपावली जैसे बड़े राष्ट्रीय त्यौहार के पहले आज दिनांक 1 नवंबर को शिक्षकों के खातों में वेतन पहुंचाने से विभाग में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है। क्योंकि यह कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशी की बात है कि त्यौहार के पहले वेतन सभी के खातों में पहुंच गया है अब शिक्षक/ कर्मचारी खुशी से अपने घरों में दीपावली पर्व मना सकेंगे। संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं बीईओ जबलपुर को साधुवाद प्रेषित किया है कि उनके अथक प्रयासों से यह संभव हो सका है कि दीपावली पर्व के 3 दिन पूर्व ही शिक्षकों कर्मचारियों को त्योहार का तोहफा वेतन के रूप में मिला है ज्ञात रहे कि कर्मचारी संघ के द्वारा यह मांग की जा रही थी कि शिक्षकों कर्मचारियों का वेतन दीपावली पर्व के पहले किया जाए और शिक्षा विभाग के सभी ब्लॉकों में वेतन हो चुका है इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय के अधिकारियों को साधुवाद। संघ के मीनू कांत शर्मा ,जियउरहीम, स्टेनली, नॉरबट ,दिनेश गौड़, हेमंत ढाकरे, सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, विनोद सिंह, जुगल किशोर ,पंकज जायसवाल, मानसिंह आर्मो, रवि जैन ,नीरज वर्मा , आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं बी ई ओ जबलपुर को त्यौहार के पहले वेतन होने पर साधुवाद दिया है।

# आज भी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल

**जबलपुर।** डीए और वेतनवृद्धि के एरियर की राशि नहीं मिलने से नाराज बिजली विभाग के हजारों कर्मचारी आज दूसरे दिन भी हड़ताल पर है जिससे बिजली विभाग की व्यवस्थाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई. यदि सरकार और बिजली कर्मियों के बीच का यह गतिरोध आज शांत नहीं हुआ तो दीवाली अंधेरे में भी जा सकती है । मध्यप्रदेश यूनाइटेड फोरम फॉर पॉवर एम्पलाईज एंड इंजीनियर्स संगठन के आह्वान पर सोमवार सुबह से ही जबलपुर समेत मप्र में करीब 70 हजार बिजलीकर्मी हड़ताल पर हैं। करीब 29 हजार नियमित 6 हजार संविदा और 35 हजार आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। बिजली कंपनियों द्वारा कोई निर्णय नहीं लिए जाने के कारण संगठन 1 नवंबर से असहयोग आंदोलन की शुरुआत की है। संगठन के संयोजक वीकेएस परिहार ने बताया, 21 अक्टूबर को शिवराज निराकरण करने की मांग की गई थी।

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

[illegible]

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर

मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,

समयः 9 AM से 10 PM

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भव्य समारोह

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के 66 वां स्थापना दिवस जबलपुर जिले में जिला मुख्यालय से लेकर तहसील एवं जनपद मुख्यालयों पर समारोहपूर्वक मनाया गया। स्थापना दिवस का जिले का मुख्य समारोह यहॉं राईट टाउन स्थित मानस भवन में किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि सांसद श्री राकेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश गान भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मां नर्मदा के गान से की गई। लघु नाटिका एवं बधाई नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रमुख आकर्षण थे। समारोह में एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत जबलपुर की मटर की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के लिये तैयार किये गये लोगो का लोकार्पण किया गया तथा जबलपुर से विदेशों को मटर के निर्यात के लिये फोजन एग्रो इंडस्ट्रीज को एक्सपोर्ट लायसेंस प्रदान किया गया। मटर प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिये दो उद्यमियों मनोज कुमार पटेल और अक्षय बजाज जैन को ऋण स्वीकृति पत्र भी समारोह में सौंपे गये। समारोह में पूर्व राज्यमंत्री हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर आयोजित ऑनलाइन निबंध, वाद-विवाद, गायन, वादन एवं प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान भी समारोह में किया गया। स्थापना दिवस के जिले के मुख्य समारोह में आशीष दुबे, अखिलेश जैन, पंकज दुबे, रत्नेश सोनकर, कमलेश अग्रवाल, नन्हेंलाल धुर्वे, संभागायुक्त बी चंद्रशेखर, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर, जिला पंचायत की सीईओ रिजु बाफना, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, अपर कलेक्टर राजेश बाथम एवं अपर कलेक्टर सुश्री विमलेश सिंह डिप्टी कलेक्टर सुश्री सृष्टि प्रजापति भी मौजूद थे । स्थापना दिवस पर मानस भवन में जिला स्तरीय समारोह में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।





**आम सूचना**

यह कि आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती शैफाली द्विवेदी पति श्री बृज नारायण द्विवेदी पता- राईट टाउन जबलपुर की सम्पत्ति मौजा करमेता तह. अधारताल खसरा नं. 78/2, 77/11, 77/12 एवं 63/1, मौजा लखनवारा खसरा नं. 618/1, 619/2 एवं मौजा तिलसानी तह. कुण्डम खसरा नं. 282/1 एवं नजूल ब्लॉक नं. 04, प्लाट नं. 13, 15/2 व 16 का मकान नं. 973 पर श्रीमती शैफाली द्विवेदी का नाम सामिल शारीक हक में दर्ज है। उक्त संपत्ति के संबंध में न्यायालय में प्रकरण लंबित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था आदि द्वारा उक्त संपत्ति का कोई अनुबंध रहन व अन्य दस्तावेज आदि न करे और यदि ऐसा होना पाया जाता है तो उक्त कार्य की पूर्ण जबावदारी संबंधित व्यक्ति, बैंक, संस्था की रहेगी। क्योंकि सहखातेदार द्वारा चोरी छुपे विक्रय या अन्य संव्यवहार करने कि कोशिश की जा सकती है जिसमें हमारे पक्षकार किसी प्रकार के उत्तरदायी नहीं रहेगी।

सुनील कुमार गौतम (अधिवक्ता)
पता-आशीष जैन एण्ड ग्रुप
68, जबलपुर हाट विजयनगर, जबलपुर
मो.9669222233

**कार्यालय कुलसचिव**
**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर म.प्र.**

सूचना क्रमांक निविदा/यांत्रिकी/2021/42 | **ई-निविदा सूचना** | दिनांक 29.10.2021

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा नवीन पंजीयन के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकदार से विभिन्न कार्यो हेतु सिविल/विद्युत एस.ओ.आर. एम.पी. पी.डब्ल्यू.डी. 2020 से जारी सभी संशोधन सहित दर सूची पर लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत निविदाकारों से निविदायें ई-टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी गई निविदायें मान्य नहीं की जावेगी केवल आनलाईन निविदायें ही मान्य की जावेगी। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्ते वेबसाईड www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह उपरोक्त उल्लेखित ई-टेंडर पोर्टल पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेंडर आई.डी. नं. | टेंडर रिफरेंस नं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2021-RDVJ-165941-1 | 006/25/2021 | Renovation of Various Department Building at R.D.V.V. Jabalpur | रू 437.32 लाख | रू. 4,40,000/- | रू. 50,000/- | 18 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 2021-RDVJ-165939-1 | 005/25/2021 | Renovation of Sarabhai Bhawan at RDVV Jabalpur | रू 127.80 लाख | रू. 1,27,000/- | रू. 12,500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 2021-RDVJ-165938-1 | 004/25/2021 | Renovation of Various Department of Rajshekhar Bhawan at R.D.V.V. Jabalpur | रू 120.62 लाख | रू. 1,20,000/- | रू. 12,500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 04 | 2021-RDVJ-165937-1 | 003/25/2021 | Renovation of Administrative Building at R.D.V.V. Jabalpur | रू 60.58 लाख | रू. 61,000/- | रू. 10,000/- | 9 माह वर्षाकाल सहित |
| 05 | 2021-RDVJ-165933-1 | 001/25/2021 | Work of Water Harvesting of various Department Building at R.D.V.V. Jabalpur | रू 25.90 लाख | रू. 50,000/- | रू. 5,000/- | 8 माह वर्षाकाल सहित |
| 06 | 2021-RDVJ-165933-2 | 001/25/2021 | External Drainage work at Residential presmises at R.D.V.V. Jabalpur | रू 43.68 लाख | रू. 50,000/- | रू. 5,000/- | 9 माह वर्षाकाल सहित |

**नोट :-** 1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 28.10.2021, 2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22.11.2021, 3. ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि 25.11.2021 समय 12.00 बजे. 4. निविदा रिफरेंस क्रमांक 006, 005, 004 कार्य की तकनीकी बिड अनिवार्य है। 5. भौतिक दस्तावेज ऑनलाईन ही मान्य किये जावेगें अलग से भौतिक दस्तावेज या लिफाफा जमा नहीं किये जावेंगे। 6. निविदा संबंधित संपूर्ण जानकारी बेवसाईड पर देखी जा सकती है। 7. निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय प्रशासन को होगा।

**कुलसचिव, रा.दु.वि.वि. जबलपुर**

## संपादकीय

# फिर चरमराया सेहत का बुनियादी ढांचा

ऐसे वक्त में जब देश कोरोना संक्रमण की गिरफ्त से मुक्त होता नजर आ रहा था; डेंगू का डंक कहर बरपाने लगा, जिसने एक बार फिर देश के बुनियादी चिकित्सा ढांचे की लाचारगी को उजागर किया। जांच के लिये पर्याप्त लैबों का न होना और सरकारी अस्पतालों में बढ़ते मरीजों के लिये बिस्तरों की कमी रोगियों की मुश्किल बढ़ा रही है। समय पर रोग की पहचान न हो पाने के कारण प्लेटलेट में तेजी से गिरावट जानलेवा साबित हो रही है। कारगर चिकित्सा के अभाव में लोग परंपरागत तौर-तरीकों से जीवन रक्षा का प्रयास कर रहे हैं। कस्बों व छोटे शहरों में मरीज बेड और जरूरी किट के लिये जूझ रहे हैं। कई ऐसे विचलित करने वाले दृश्य समाचार पत्रों में नजर आये हैं, जिसमें एक बेड पर दो मरीज हैं या अस्पताल के गलियारों में रोगी ग्लूकोज ड्रिप के साथ लाचार नजर आ रहे हैं, जो हमारे स्वास्थ्य तंत्र की नाकामी को ही उजागर कर रहा है। कोविड संकट के बाद चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के जो दावे किये जा रहे थे, उसकी कलई खुलती नजर आ रही है, जिसका खमियाजा आम लोग भुगत रहे हैं क्योंकि अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों व तकनीशियनों की कमी है। ऐसे वक्त में जब मानसून की समाप्ति पर हर साल डेंगू का कहर बरपता है तो इसके लिये समय रहते तैयारी करनी चाहिए थी। कई स्थानों पर आवश्यक चिकित्सा मशीनों पर धूल का जमना, दुर्लभ संसाधनों की बेकद्री ही है। एडीज मच्छर के काटने से होने वाली इस बीमारी की चपेट में आने वाले मरीजों की समस्या तब बढ़ जाती है जब निजी लैबों व अस्पतालों द्वारा मनमानी रकम वसूली जाती है। हालांकि, पंजाब सरकार ने सिंगल डोनर प्लेटलेट्स के साथ जांच व रक्त उपलब्धता के लिये कीमतों का निर्धारण किया है, लेकिन उसके बावजूद मरीजों से कई गुना रुपये वसूले जा रहे हैं। सरकारों की दलील है कि इस बार मानसून देर से गया और पश्चिमी विक्षोभ के कारण देर तक बारिश होने से डेंगू मच्छर के प्रजनन के लिये वातावरण बना है। लेकिन इसके बावजूद हर साल फैलने वाली बीमारी को देखते हुए अतिरक्त सतर्कता बरतने की जरूरत थी। अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीजों के लिये अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था समय रहते की जानी चाहिए थी। दरअसल, एक समस्या यह भी है कि एडीज मच्छरों से होने वाले इस रोग के लक्षण हल्के होते हैं या जल्दी नजर नहीं आते। डेंगू नियंत्रण विभाग के अनुसार पिचहत्तर फीसदी लोगों में इसके लक्षण शुरू में नहीं दिखायी देते। वहीं केवल बीस फीसदी लोगों में हल्के लक्षण ही नजर आते हैं तथा पांच फीसदी में ही गंभीर लक्षण नजर आते हैं। लगातार बढ़ती बीमारी बता रही है कि इस रोग के कारणों व उपचार पर गहन मंथन हो। जिस तरह की मुहिम देश में मलेरिया उन्मूलन के लिये चली, उसी तरह डेंगू के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाया जाये। पिछड़े राज्यों में ही नहीं, अपेक्षाकृत विकसित राज्यों महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब में डेंगू का प्रकोप बताता है कि हम साफ-सफाई के प्रति गंभीर नहीं हैं। ऐसे में देश के दूर-दराज इलाकों व पिछड़े राज्यों में क्या स्थिति होगी, आकलन किया जा सकता है। कोशिश हो कि वे स्थितियां न बनने पायें, जिसमें डेंगू के मच्छर को पनपने का मौका मिलता है। गांव-कस्बों समेत छोटे शहरों में स्वच्छता की मुहिम चलाने की जरूरत है। लोगों को व्यक्तिगत स्तर पर सफाई मुहिम में भाग लेने के लिये प्रेरित किया जाये। शहर स्मार्ट बने या न बनें, लेकिन इतने स्वच्छ होने चाहिए कि मच्छर जनित रोगों का प्रसार न हो सके। विडंबना ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम सार्वजनिक स्वच्छता की सोच विकसित नहीं कर पाये हैं। अपने घर का कूड़ा निकालकर सार्वजनिक स्थलों पर डालने की मानसिकता से भी हम मुक्त नहीं हुए हैं। जब तक हम सफाई को अपना मौलिक कर्तव्य नहीं मानते तब तक डेंगू जैसे रोग रहेंगे।

## व्ही एफ जे

# सैन्य वाहनों के निर्माण में बढ़ती आत्मनिर्भरता





50वर्षों में आटोमोबाइल यूनिट ने समय के साथ खुद आर्मर्ड में बदली। एम पी व्ही के नये अवतारों के साथ बुलेट प्रूफिंग और फिर सेना की सर्वाधिक महत्वपूर्ण तोप सारंग के अपगनिंग के साथ जल्द ही दक्षता और विशेषज्ञता हासिल कर न यी उम्मीदों मुकाम हासिल कर आर्मर्ड यूनिट का तगमा हासिल कर लिया। वर्ष 1969 में जबलपुर में स्थापित वाहन निर्माणी का सैन्य वाहनों के उत्पादन के क्षेत्र में स्वर्णिम इतिहास रहा है। समय के साथ आगे बढ़ते हुए वाहन निर्माणी ने भारतीय सेना को अनेक आधुनिक एवं शक्तिशाली सैन्य वाहन प्रदान किए हैं एवं वर्तमान में भी अनवरत सैन्य वाहन प्रदान कर रही है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सैन्य इकाईयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों के साथ आधुनिक वाहन बनाए जाने की आवश्यकता है। भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सभी आयुध निर्माणियों के निगमीकरण का फैसला किया है। इससे सभी आयुध निर्माणियों को अत्यधिक स्वायत्तता मिलेगी तथा सभी निर्माणियां वैश्विक स्तर की तकनीक के साथ जुड़कर अत्याधुनिक सैन्य उपकरण बना पाएंगी।

वाहन निर्माणी भी भारत सरकार के इस निर्णय से आशान्वित है। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाकर नयी ऊंचाइयां छूने को तत्पर है। उल्लेखनीय है कि 1969 में अपनी स्थापना के बाद से ही वाहन निर्माणी ने न केवल देश के भीतर सैन्य वाहनों की आपूर्ति की अपितु देश के बाहर जैसे नेपाल, अफगानिस्तान एवं बांग्लादेश को भी सैन्य वाहनों की आपूर्ति कर देश का मान ब?ाया है। शुरूआत में वाहनों का उत्पादन निशान, जोंगा तथा शक्तिमान जैसे शक्तिशाली सैन्य वाहनों से हुआ।शुरू से ही आत्म निर्भर के ध्येय के साथ मतंग त्रिशूल हमसफर सिविल जोंगा टिपर के साथ सेना के लिए मोबाइल किचन कंटेनर बैटरी कमांड पोस्ट और वाटर वाउजर आदि सफलता के साथ बनाई सेना ने भी सर्व प्रथम वाटर वाउजर इसी निर्माणी से लिए। निर्माणी नेअब तक इन वाहनों के लगभग 1.5 लाख वाहन सेना को सौंपे। साथ ही इन वाहनों के प्रकारान्तर वाहनों का भी उत्पादन किया।

तत्पश्चात निर्माणी में समय की मांग के अनुसार नई पीढ़ी के वाहनों का उत्पादन वर्ष 1998 में प्रारंभ हुआ जिसके अंतर्गत अशोक लेलैंड तथा टाटा मोटर्स के साथ सहभागिता से स्टालियन तथा एलपीटीए वाहनों का उत्पादन प्रारंभ किया गया। उत्पादन के इस लंबे सफर में बारूद सुरंगरोधी वाहन (माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल) का उत्पादन वर्ष 2008-09 में प्रारंभ हुआ। अत्याधुनिक बारूद सुरंगरोधी वाहन 6×6 अपनी उत्कृष्ट विशेषताओं के कारण देश एवं विदेशों में काफी पसंद किया जा रहा है। अपनी इस लंबी यात्रा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2019-20 से देश की सबसे बड़ी एवं ताकतवर गन सारंग एम-46 की अपगनिंग की जा रही है। इस गन की मारक क्षमता अधिकतम 36 किलोमीटर है तथा 1 घंटे में 42 राउंड फायर करने में सक्षम है। 01अक्टूबर2021 से आयुध निर्माणी संगठन को 07 नए डीपीएसयू में परिवर्तित किया गया है। यह परिवर्तन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ा हुआ कदम माना जा सकता है। इससे निर्माणियों की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी तथा देश की सैन्य क्षमता मजबूत होगी।

**आलेख शैलेंद्र सिंह**
**कनिष्ठ कार्य प्रबंधक**
**एवं सहायक जनसंपर्क अधिकारी**

# तरक्की की छलांग को तैयार देश

अंधकार पर विजय का त्योहार है दीपावली। अंधकार के भी कई प्रकार होते हैं। दीपावली से जु?ी तमाम कथाओं, किंवदंतियों में आपको उनके दर्शन भी होते हैं और आभास भी। लेकिन इस वक्त दीपावली या दिवाली का इंतजार सबसे ज्यादा इस उम्मीद के साथ हो रहा है कि यह त्योहार हमारी जिंदगी में छाई मायूसी, बेबसी व निराशा को खत्म करेगा और अर्थव्यवस्था पर छाए मंदी के बादलों को छांटने की राह आसान करेगा ।लक्ष्मी पूजन के पर्व दिवाली और उससे ठीक पहले खरीदारी का शगुन पूरा करने वाला त्योहार धनतेरस वर्षों से देश के व्यापार व उद्योगों के लिए बड़ी उम्मीदों और खुशहाली का वक्त रहा है। सो, दिवाली के जश्न का असली ट्रेलर तो धनतेरस पर ही दिखेगा। लेकिन इससे पहले गणेशोत्सव और नवरात्र पर इस बार ऐसे संकेत साफ दिख चुके हैं कि बाजार में खरीदारी का माहौल बन रहा है। एक नहीं, अनेक तरफ से इस बात के संकेत दिखने लगे हैं कि इस बार दिवाली और उसके बाद नए साल तक चलने वाला पूरा त्योहारी मौसम वाकई जश्न मनाने का वक्त होने जा रहा है। यह जश्न सिर्फ खरीदारी और घर की सजावट तक सीमित नहीं है। दुनिया भर के बड़े -बड़े अर्थशास्त्रियों और एजेंसियों की नजर इसी पर टिकी हुई है कि भारत में त्योहारी मौसम इस बार कैसा रहता है। वजह यह है कि भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और अगर यह मंदी की मार से निकलकर तेज रफ्तार से दौड़ने लगता है, तो बाकी दुनिया के लिए भी आगे की राह काफी आसान हो जाएगी ।आर्थिक गतिविधियों पर नजर रखने वाली दुनिया की दिग्गज समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि पिछले महीने की त्योहारी खरीदारी से ही उसे दिख रहा है कि भारत अब दुनिया में सबसे तेज रफ्तार विकास की तरफ बढ़ रहा है। दरअसल, यह त्योहारी खरीदारी ही भारतीय अर्थव्यवस्था को वह दम दे रही है कि वह इतनी तेज रफ्तार से तरक्की कर सके। ब्लूमबर्ग एक ट्रैकर चलाती है, जिसमें वह आठ पैमानों पर लगातार अर्थव्यवस्था की नब्ज टटोलती रहती है। इनमें कहीं अच्छी और कहीं चिंताजनक तस्वीर दिखने के बावजूद एक से सात के पैमाने पर भारत की सुई लगातार तीसरे महीने पांच पर टिकी हुई है। इस पैमाने को वह 'एनिमल स्पिरिट डायल' कहती है, यानी यहां से आगे बढ़ने की इच्छा और क्षमता का पैमाना। साफ है, देश तरक्की की छलांग के लिए तैयार हो रहा है। यह कहने का आधार मिलता है विनिर्माण और सेवा, दोनों ही तरह के कारोबारों में नए ऑर्डरों के साथ बड़े उत्साह से। देश से निर्यात में पिछले साल के मुकाबले 23 फीसदी का उछाल और पिछले महीने के मुकाबले 1.6 प्रतिशत की बढ़त है। आयात में भी अच्छी बढ़त है। लेकिन उसकी सबसे ब?ी वजह है, सोने की खरीदारी में जबर्दस्त उछाल। पिछले सितंबर के मुकाबले सोने के आयात में इस बार 254 फीसदी की ब?ोतरी हुई है। जुलाई से सितंबर के बीच भारत ने 139 टन सोना आयात किया है। यह 2019 में आए 124 टन से भी ज्यादा है और पिछले साल के मुकाबले तो पूरा 47 प्रतिशत ऊपर है। आम तौर पर माना जाता है कि सोना संकट की करेंसी है, यानी सोना ज्यादा बिकने का मतलब यह होना चाहिए कि लोगों के मन में भविष्य को लेकर आशंकाएं हैं। लेकिन इस बार की बिक्री का मतलब यह हो नहीं सकता। वजह सामने है। शेयर बाजार भी लगातार कुलांचे भर रहा है। अगर माहौल में आशंकाएं होतीं, तो वे शेयर बाजार में भी दिखाई पड़तीं ।सोने की बिक्री बढ़ने का एक और अर्थ भी मानना चाहिए। कोई भी इंसान अपनी बुनियादी जरूरतों को छोड़कर या पेट काटकर सोना-चांदी नहीं खरीदेगा। इसलिए सोने की मांग बढ़ने का अर्थ यह भी मानना चाहिए कि अब लोगों के हाथ में बचत लायक कुछ रकम है। काफी समय से टल रहे मंगल-कार्य भी अब होने लगे हैं, इसलिए भी आभूषणों की मांग बढ़ रही है ।खास बात यह है कि अभी तक जो बिक्री बढ़ी है, उसमें सरकारी या निजी नौकरियों में लगे लोगों या दूसरे कारोबारियों और किसानों ने अपने पास से खर्च किया है। न तो हाल में सरकार ने जनता की जेब में पैसे डालने वाली कोई स्कीम खोली है और न ही सरकारी कर्मचारियों के लिए। लेकिन अब सब तरफ खबर गरम है कि दिवाली के पहले ही बोनस की रकम खातों में आ जाएगी। प्राइवेट कंपनियों में भी यही बोनस का समय है ।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और भारत का रिजर्व बैंक इस बात पर एकमत हैं कि चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 9.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। लेकिन अनेक जानकारों का मानना है कि अर्थव्यवस्था जिस तरह से रफ्तार पकड़ रही है, वह इससे कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ सकती है। लेकिन इस बड़े मामले से अलग कुछ छोटी-छोटी चीजों पर भी ध्यान देना चाहिए। आवास ऋण 20 साल में सबसे कम ब्याज पर मिल रहे हैं। इसका असर घरों की बिक्री में दिखने लगा है। मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स के बाजार में भीड़ तो खूब है, लेकिन लोग सस्ती चीजें ढूं? रहे हैं। वजह भी साफ है। जहां पहले पूरे घर में एक-दो मोबाइल से काम चल जाता था, अब हरेक के हाथ में कम से कम एक मोबाइल तो मजबूरी बन चुका है। उधर कारों की बिक्री में कुछ दबाव की खबरें जरूर हैं, लेकिन उसकी वजह मांग नहीं, आपूर्ति की कमी है। दुनिया भर में माइक्रो चिप की कमी का यह असर होना ही था। लेकिन इसका दूसरा असर यह है कि कारों पर छह से बारह महीने तक की वेटिंग चल रही है, और हर साल दिवाली के वक्त मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी इस बार गायब हैं। समझदारी तो इसी में है कि अगर कार खरीदना बहुत जरूरी न हो, तो उस फैसले को कुछ समय के लिए टाल दिया जाए। और बाकी खरीदारी अपने आसपास के दुकानदारों से ही न करें, बल्कि उनका बनाया सामान भी खरीदें, अगर आप चाहते हैं कि आपके आसपास सभी की दिवाली मंगलमय हो।

**आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार (ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# आपका राशिफल 3 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5578



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरुदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5577**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेहत

# गाजर एक गुण अनेक, आंखों से लेकर त्वचा तक मिलेगा फायदा

आप खुद को स्वस्थ रखना चाहते हैं, अपनी आंखों की रोशनी बनाए रखना चाहते हैं या फिर अपनी त्वचा की रंगत निखारने के साथ-साथ बालों को भी चमकदार बनाए रखना चाहते हैं तो गाजर का सेवन करें। खाने में स्वादिष्ट और कम कैलरी वाली गाजर में पौष्टिक तत्वों की बहुतायत होती है, जो आपकी सेहत को दुरुस्त रखने में मददगार साबित होते हैं। इसमें बीटा कैरोटिन, विटामिन ए, विटामिन सी, खनिज लवण, विटामिन बी 1 के साथ-साथ एंटी ऑक्सिडेंट की बहुतायत होती है। अगर आप गाजर को नियमित तौर पर अपने आहार का हिस्सा बनाते हैं तो आप खुद को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं से बचाये रख सकते हैं। गाजर का इस्तेमाल आप कच्चा या फिर पकाकर किसी भी तरह से कर सकते हैं। गाजर का इस्तेमाल केवल भोजन में ही नहीं होता, बल्कि इसका इस्तेमाल बहुत सारी दवाओं के निर्माण में भी किया जाता है।

### इसके हैं ढेर सारे फायदे

1. गाजर का किसी भी रूप में नियमित तौर पर सेवन करने से आपकी आंखों की रोशनी दुरुस्त रहती है। इसमें बीटा कैरोटिन की बहुतायत होती है, जो खाने के बाद पेट में जाकर विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है। आंखों के लिए विटामिन ए बेहद जरूरी है, यह हम सब जानते हैं। विटामिन ए रेटिना के अंदर परिवर्तित होता है। इसके बैंगनी से दिखने वाले पिगमेंट में इतनी शक्ति होती है कि गाजर खाने से रतौंधी जैसे रोग की आशंका कम हो जाती है। यह आंखों के रोग मोतियाबिंद की आशंका को कम करता है।

2. गाजर को अपने आहार का हिस्सा बनाने से फेफ?, ब्रेस्ट और कोलोन कैंसर का खतरा कम होता है। एक मात्र गाजर ही ऐसा खाद्य पदार्थ है, जिसमें फाल्केरिनोल नामक प्राकृतिक कीटनाशक पाया जाता है। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह पाया गया है कि गाजर का सेवन करने से किसी भी कैंसर का खतरा एक तिहाई तक कम होता है।

3. गाजर का सेवन करने से आप पर उम्र का असर देर से नजर आता है। यह एंटी एजिंग एजेंट की तरह कार्य करता है। इसमें भरपूर मात्रा में पाया जाने वाला बीटा कैरोटिन, एंटी ऑक्सिडेंट हमारे शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करता है, इससे कोशिकाओं की उम्र देरी से घटती है और शरीर पर झुर्रियां नहीं प?तीं।

4. गाजर में मौजूद औषधीय गुण किसी भी किस्म के संक्रमण की आशंका को कम करते हैं। आप चाहें इसका जूस पिएं या इसे उबालकर खाएं, यह फायदेमंद है।

5. यह त्वचा की सेहत को दुरुस्त रखने में भी मददगार साबित होता है। इसमें विटामिन सी और एंटी ऑक्सिडेंट की बहुतायत होती है, जिसकी वजह से इसका इस्तेमाल करने से त्वचा को सूर्य की तेज रोशनी से होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सकता है। विटामिन ए की कमी की वजह से त्वचा, नाखून और बाल रूखे होने लगते हैं। अगर आप नियमित तौर पर गाजर को अपने आहार में शामिल करते हैं तो साफ सुथरी निखरी हुई त्वचा के मालिक बन सकते हैं। इसके इस्तेमाल से वक्त से पहले आने वाली झुर्रियों, रूखी त्वचा, एक्ने, पिगमेंटेशन, झांइयां, चितकबरी त्वचा आदि की समस्याओं को अपने से दूर रख सकते हैं।

6. गाजर के जूस में काला नमक, धनिया की पत्ती, भुना हुआ जीरा, काली मिर्च और नीबू का रस मिलाकर नियमित तौर पर पीने से पाचन संबंधी ग?ब?ी से तुरंत छुटकारा मिलता है।

## सूडोकु नवताल- 6141

**★★★★★ कठिनतम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## विचार प्रवाह



आज मिलावट का जमाना है। खाद्य पदार्थों और औषधियों में ही मिलावट नहीं चल रही है, विचारों और आदर्शों में भी मिलावट का काम जारी है। यहां तक कि हम जो सांस लेते हैं उसमें भी मिलावट है। सांस में ऑक्सीजन कम, कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा है। लोक कहते हैं- आज ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते। मैं कहता हूं- ठीक है, अगर ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते तो कोई बात नहीं, ईमानदारी के साथ मर तो सकते हैं। ईमानदारी मजबूरी से नहीं, मजबूती से बनें।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7157



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -7132 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# खाद-बीज की उपलब्धता और माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा

**भोपाल।** प्रदेश में रबी फसलों की बोवनी के लिए खाद और बीज की उपलब्धता क्या है और जिलों में वितरण की स्थिति क्या है, इसकी समीक्षा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आठ नवंबर को कलेक्टर-कमिश्नर, आइजी-एसपी कांफ्रेंस में करेंगे। इसमें माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, महिला अपराध पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा भी की जाएगी। सीएम राइज स्कूल योजना को लेकर बैठक में प्रस्तुतीकरण भी होगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कांफ्रेंस में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के साथ प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, कोविड टीकाकरण अभियान के तहत द्वितीय डोज लगाने की कार्यवाही समयसीमा में पूरी करने की समीक्षा की जाएगी। जिलों में किए जा रहे नवाचार को लेकर प्रस्तुतीकरण भी होगा। खाद की वितरण व्यवस्था को लेकर बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है। दरअसल, डीएपी और यूरिया की वितरण व्यवस्था गड़बड़ाने से कुछ जिलों में समस्या आ रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री प्रतिदिन समीक्षा भी कर रहे हैं और केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री मनसुख भाई मांडविया से दूरभाष पर चर्चा भी कर चुके हैं। नवंबर के लिए जितनी खाद चाहिए, उसकी आपूर्ति का भरोसा भी दिलाया गया है।

# अवैध खनन, परिवहन रोकने खनिज विभाग का अमला बढ़ाएगी सरकार

## देशी शराब प्रदाय व्यवस्था मार्च 2022 तक रहेगी लागू



**भोपाल।** प्रदेश में खनिज के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए सरकार खनिज विभाग का अमला बढ़ाएगी। खनिज विभाग ने 868 नए पद स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही देशी शराब की मौजूदा प्रदाय व्यवस्था को 31 मार्च 2022 तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।बैठक में खनिज विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिए नए पदों सृजित करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। अभी विभाग के अंतर्गत विभिन्न् संवर्गों में 848 पद स्वीकृत हैं। वर्ष 2015 के बाद पदों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जबकि काम काफी बढ़ गया है।खनिज राजस्व भी अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है पर कर्मचारियों की संख्या कम है। राजस्थान में लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये का राजस्व खनिज के माध्यम से मिलता है और अमला एक हजार 963 का है। आंध्रप्रदेश में दो हजार 733 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है और विभाग में कर्मचारियों की संख्या एक हजार 191 है। इसकी तुलना में वर्ष 2020-21 में मध्य प्रदेश में खनिज राजस्व पांच हजार 85 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ है पर अधिकारी-कर्मचारी 848 हैं। खनिज की उपलब्धता में कमी और मांग में वृद्धि के कारण अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के प्रकरणों पर प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। स्वीकृत खनन कार्य को सुनिश्चित करने के लिए भ्रमण और निगरानी बढ़ाना भी जरूरी है। इसके मद्देनजर विभाग ने 511 नियमित और 357 पद आउटसोर्स से भरे जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। नए पद बनने से सालाना 20 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। बैठक में देशी शराब की प्रदाय व्यवस्था को 31 मार्च 2022 तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। मौजूदा व्यवस्था पांच नवंबर तक लागू है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कोरोना काल की परिस्थितियों को देखते हुए देशी मदिरा प्रदाय व्यवस्था को 31 अक्टूबर 2021 तक लागू रखने का निर्णय लिया गया था। वित्तीय वर्ष के छह माह बीतने के बाद नई व्यवस्था बनाना अव्यवहारिक होगा। मौजूदा व्यवस्था को आगे बढ़ाने से शासन को राजस्व का कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि दुकानों का नवीनीकरण और नए ठेके भी हो चुके हैं। इसके अलावा कोरोना संकट के समय स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा, आक्सीजन सहित अन्य व्यवस्था पर व्यय की गई राशि और मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना के तहत छह लाख 10 हजार 60 हितग्राहियों को एक-एक हजार रुपये का अनुदान देने संबंधी निर्णय को अनुसमर्थन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम में संशोधन सहित अन्य प्रस्तावों पर भी बैठक में विचार किया जाएगा।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को भोपाल में करेंगे जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ

**भोपाल।** 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए भारतीय जनता पार्टी भोपाल में पांच लाख आदिवासियों को एकत्र करेगी। राजधानी के जूम्बूरी मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सोमवार को पार्टी की एक बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन महामंत्री सुहास भगत सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### दिखे प्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति की झलक

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह प्रयास करना है कि प्रदेश के हर क्षेत्र जनजातीय बंधु इस आयोजन में अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हों। हमारा प्रयास हो कि प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में होने वाले इस आयोजन से हमारी जनजातीय संस्कृति की छटा प्रदर्शित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति में होने वाले कार्यक्रम को प्रत्येक पंचायत में टीवी पर प्रसारित किए जाएगा, ताकि गांव-गांव तक लोग प्रधानमंत्री की बात सुन सकें और अपनी जनजातीय संस्कृति की झलक देखकर गर्व का अनुभव करें।

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा इसके लिए पंचायतों से लेकर राजधानी तक तैयारियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिनकी सफलता और प्रचार-प्रसार के लिए पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी योजना बनाकर काम करें।

### संगठन महामंत्री ने की विस्तार से चर्चा

जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन पर केंद्रित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत ने पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस संबंध में किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न् कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी। बैठक में मंत्री बिसाहूलाल सिंह , मीना सिंह, सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, गुमान सिंह डामोर, डीडी उइके, भाजपा प्रदेश मंत्री जयपाल पटेल सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रीन पटाखों के साथ पिछले साल बने सुतली बम भी बाजार में

## आवाज और धुआं मापदंड से अधिक, बच्चों के पटाखे बड़ों की भी पसंद बने



**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राजधानी भोपाल में हलालपुर स्थित थोक पटाखा बाजार में ग्रीन पटाखों की बिक्री शुरू हो गई है लेकिन कुछ व्यापारी पिछले साल के सुतली बम भी बेच रहे हैं। इनकी आवाज और धुआं तय मापदंड से अधिक है। यह ग्रीन श्रेणी में नही हैं। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि पुराना स्टाक खत्म हो चुका है। अब बाजार में ग्रीन पटाखे ही बिक रहे हैं। वायु प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से पिछले दो साल से ग्रीन पटाखों की बिक्री पर जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) ने देश भर में ग्रीन पटाखे की बिक्री का सुझाव दिया था। हाल ही में कोर्ट ने केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही छूट दी है। इसके बाद शिवाकाशी से ग्रीन पटाखों की आवक शुरू हुई है। हालांकि सामान्य पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगने से पहले ही देशभर की दुकानों पर पुराना स्टाक पहुंच चुका था। भोपाल भी इससे अछूता नहीं रहा। व्यापारी कह रहे हैं कि पुराने पटाखे भी ग्रीन श्रेणी की है बस फर्क इतना है कि पटाखों की पैकेट पर नीरी प्रमाणित ग्रीन फायर वर्क्स नहीं छपा है। नए पटाखों में क्यूआर कोड भी है। ग्राहक कोड के माध्यम से भी यह पता कर सकते हैं कि पटाखे ग्रीन हैं या नहीं।सेफ्टी नियमों के अनसुार 125 डेसिबल से अधिक आवाज वाले पटाखे न तो बेचे जा सकते हैं, न इनका उपयोग किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए शिवाकाशी से ऐसे पटाखे आने लगे हैं, जो आवाज कम लेकिन धूम अधिक मचाते हैं। इसकी बिक्री अमूमन हर दुकान पर होती है। कुछ व्यापारियों ने विकल्प के तौर पर कम आवाज वाले ग्रीन पटाखे बुलाए हैं, पर सुतली बम अब भी उपलब्ध हैं। पिछले दो साल से बाजार में ऐसे पटाखे आ गए हैं जिनको जलाने के लिए आपको माचिस की जरूरत नहीं पड़ती। यह पटाखे अभी तक बच्चों की ही पसंद थे लेकिन अब इन्हें बड़े भी पसंद कर रहे हैं। पटाखा व्यापारी धर्मेंद्र सबनानी के मुताबिक पापअप, फ्लश बम एवं कैप्सूल बम की मांग अधिक है। यह पटाखे जमीन पर फेंकते ही आवाज करते हैं। माचिस की तीली डालकर आवाज करने वाली माचिसगन भी लुभा रही है। बच्चे धागा बम पसंद कर रहे हैं। यह रेशमी राखी की तरह विशेष प्रकार का पटाखा है, जो खींचते ही धमाका करता है।

### कैसे होते हैं ग्रीन पटाखे

- ग्रीन पटाखे परंपरागत पटाखों की तुलना में कम खतरनाक होते हैं। इसमें हानिकारक केमिकल कम होते हैं।दिखने में सामान्य पटाखों की तरह ही हैं, लेकिन हानिकारक गैस कम होती होती है। 50 फीसद तक कम प्रदूषण होता है।कीमत 30 फीसद तक अधिक। आकार में छोटे होते हैं ग्रीन पटाखे।तय मापदंड 125 डेसिबल के अंदर ही आवाज करते हैं।

### नीरी की खोज हैं ग्रीन पटाखे

ग्रीन पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) की खोज है। यह एक सरकारी संस्थान है जो वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद सीएसआइआर के अधीन आता है।

### शिवाकाशी से नहीं आ रहे सुतली बम

नए आदेश लागू होने के बाद शिवाकाशी से ही ग्रीन पटाखे आने लगे हैं। वहां की फैक्ट्रियों पर प्रशासन की सख्त निगरानी है।

**- दौलतराम सबनानी, अध्यक्ष पटाखा व्यापारी संघ**

# बीए रिजल्ट अटका

## विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका के बिखरे पन्नों को समेटने में बीए फर्स्ट ईयर का रिजल्ट अटका

**इंदौर।** बीए फर्स्ट ईयर का रिजल्ट निकलने में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (देअवीवी) के पसीने छूट गए है। कालेजों की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी है कि परीक्षा के ढ़ाई महीने बीतने के बावजूद विद्यार्थियों का मूल्यांकन नहीं हो पाया है, क्योंकि संग्रहण केंद्र बने इन कालेजों ने बीए नियमित-प्राइवेट के विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका एक साथ मिला दी। यहां तक कुछ विद्यार्थियों की कापियों के पन्ने भी बिखर गए। इन्हें समेटने के लिए मूल्यांकन केंद्र में तीन गुना कर्मचारी लगाना पड़े है। इसके चलते अभी तक विश्वविद्यालय रिजल्ट घोषित नहीं कर पाया है।संक्रमण की वजह से उच्च शिक्षा विभाग जुलाई में स्नातक पहले-दूसरे वर्ष की परीक्षा ओपन बुक पद्धति से करवाना तय किया।

# प्रदेश में 55 निगम मंडल और बोर्ड, सिर्फ चार ने दिया कर्मचारियों को महंगाई भत्ता

**भोपाल ।** प्रदेश में 55 निगम मंडल और बोर्ड हैं। सभी को दीपावली पूर्व अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ और वेतन वृद्धि के एरियर की राशि का भुगतान करना था। यह लाभ अक्टूबर माह के वेतन के साथ देना था। इनमें से ऊर्जा विकास निगम, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, मार्केटिंग फेडरेशन और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ही अपने कर्मचारियों को उक्त लाभ दिए हैं। बाकी के निगम मंडल व बोर्डों ने लाभ नहीं दिया है। सात हजार से अधिक कर्मचारी नाखुश हैं।सेमी गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल बाजपेयी का कहना है कि शासन ने महंगाई भत्ता, वेतन वृद्धि का लाभ देने संबंधित आदेश सभी कर्मचारियों के लिए दिए थे। इनमें बोर्ड और निगम मंडल के कर्मचारी भी शामिल हैं लेकिन साथ में एक शर्त भी जोड़ दी है। जिसमें कहा है कि उक्त लाभ देने के पहले निगम मंडल व बोर्डों को विभागों से प्रशासकीय स्वीकृति लेनी होगी। इसकी प्रक्रिया के चक्कर में कर्मचारियों को वेतन वृद्धि और महंगाई भत्ते का लाभ मिल पाना उलझ गया है। अनिल बाजपेयी का कहना है कि प्रदेश में 55 निगम मंडल व बोर्ड अस्तित्व में है। इनमें 12 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। हजारों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। यह लाभ सभी को मिलना है जिस पर प्रशासकीय स्वीकृति संबंधी शर्तों के कारण रूकावट आई है। कर्मचारियों के साथ सरकार को ऐसा दो तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए। अधिकारी इसी का फायदा उठाते हैं और लाभ देने से आनाकानी करते हैं। त्योहारों के समय में इस तरह लाभ रोक लेना कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार से जुड़े सदस्यों को भी प्रभावित करता है। विभिन्न् निगम मंडल और बोर्डों के कर्मचारी संगठनों ने भी दीपावली के पूर्व उक्त लाभ देने की मांग की है। इसके अलावा स्थायी कर्मियों ने भी उक्त लाभ मांगे हैं।



# मप्र में डेंगू का बढ़ा प्रकोप, 10500 से ऊपर पहुंचा मरीजों का आंकड़ा

**भोपाल ।** प्रदेश में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस साल डेंगू मरीजों का आंकड़ा 10,500 से ऊपर पहुंच चुका है। प्रदेश के तकरीबन सभी जिलों में डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। हालांकि यह अच्छी बात है कि इस साल मरीजों की हालत गंभीर नहीं हो रही है। अभी तक जितने भी मरीज डेंगू के मिले हैं, उनमें से करीब 45 फीसद को ही अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ी है। यह 2015 के बाद प्रदेश में डेंगू के मरीजों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके पहले मरीजों की संख्या कभी 5000 भी नहीं पहुंची है। मंदसौर में इस साल डेंगू मरीजों का आंकड़ा 12 सौ के करीब पहुंच गया है। इसके अलावा जबलपुर इंदौर में ज्यादा मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब तक मिले मरीजों में 40 फीसद मरीज सिर्फ पांच जिलों में हैं।उधर, राजधानी भोपाल में भी हर दिन डेंगू के 6 से 8 मरीज मिल रहे हैं। 8 से 10 फीसद घरों में डेंगू फैलाने वाले मच?छर का लार्वा मिल रहा है। इसका मतलब यह है कि डेंगू का संक्रमण अभी कम नहीं होने वाला है। भोपाल में सोमवार को भी 52 सैंपल की जांच में डेंगू के 6 मरीज मिले हैं। इसके साथ ही इस साल जिले में डेंगू मरीजों का आंकड़ा 588 हो गया है। चिकनगुनिया के मरीज भी लगातार मिल रहे हैं। सोमवार को 38 सैंपल की जांच में चिकनगुनिया के 4 मरीज मिले हैं। इसके साथ ही इस बीमारी के मरीजों की संख्या अब 119 हो गई है।स्वास्थ्य संचालनालय में उप संचालक डॉ हिमांशु जायसवार ने कहा कि इस साल बार-बार बारिश होने की वजह से मच्छर कम नहीं हो रहे हैं। इस कारण इस साल डेंगू और चिकनगुनिया के मरीज लगातार मिल रहे हैं। हालांकि प्रभावित इलाकों में लगातार सर्वे करते हुए मच?छरजनित इन बीमारियों की रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बुधनी में बनेगा खिलौना क्लस्टर

## मुख्यमंत्री ने किया महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बुदनी की खिलौना कला को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से वहां खिलौना क्लस्टर बनाया जाएगा। एक जिला-एक उत्पाद योजना में हर जिले के एक उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को आवास से बुदनी के दशहरा मैदान में एक से 14 नवंबर तक आयोजित बुदनी खिलौना महोत्सव के वर्चुअल शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना संकटकाल में हमने आत्म-निर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप तैयार किया है। इसका मतलब गरीब तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है। जब आम आदमी आत्म-निर्भर बनेगा, तभी मध्य प्रदेश को आत्म-निर्भर बना सकते हैं। खिलौने बेचने वालों को कम कीमत पर लकड़ी उपलब्ध कराने और उनके लिए रोजगार का प्रबंध करने का पूरा ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुदनी के लकड़ी के खिलौनों की मांग दूर-दूर तक है। हम इस कला को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। यहां के खिलौनों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। खिलौनों की कला का प्रचार-प्रसार एवं मार्केटिंग जैम पोर्टल एवं बड़ी कंपनियों से बात करके की जाएगी।चौहान ने कहा कि आज कोरोना नियंत्रण में है, लेकिन सावधान रहने की जरूरत है। हम सभी की सजगता से प्रदेश में तीसरी लहर नहीं आई है, लेकिन संपूर्ण सुरक्षा के लिए वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवाएं। कार्यक्रम को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा सीहोर जिले के प्रभारी मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान सांसद रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

# सड़कों की निगरानी के लिए मध्य प्रदेश ने बनाया साफ्टवेयर, बिहार ने मांगा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कौन सी सड़क कब स्वीकृत हुई, कब निर्माण कार्य पूरा होना है, किसने बनाई और परफार्मेंस गारंटी कब तक की है, यह पता करने के लिए मंत्री से लेकर कार्यपालन यंत्री को अब फाइल देखने की जरूरत नहीं है। एक क्लिक पर सड़क और पुलों से संबंधित पूरी जानकारी कंप्यूटर व मोबाइल पर मिल जाएगी। इतना ही नहीं बारिश में खराब हुई सड़कों पर चल रहे रखरखाव के कार्यों की निगरानी भी अब भोपाल से ही हो रही है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने वर्क मानीटरिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम साफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें कार्यपालन यंत्रियों द्वारा प्रतिदिन जानकारी दर्ज की जाती है। यह नवाचार दूसरे राज्यों को भी पसंद आ रहा है। बिहार के अधिकारियों ने मध्य प्रदेश जैसी व्यवस्था लागू करने के लिए यह साफ्टवेयर मांगा है। पंजाब के अधिकारी भी इसे देख चुके हैं।लोक निर्माण विभाग को बैठकों के लिए जानकारियां जुटाने में काफी परेशानी आती थी। जिलों से सड़कों के बारे में जानकारी बुलाने में समय भी लगता था। इस समस्या से निपटने के लिए प्रमुख अभियंता कार्यालय ने अपने इंजीनियरों से ही साफ्टवेयर तैयार कराया है। इसमें सड़क और पुलों से जुड़े सभी कामों का न सिर्फ ब्योरा दर्ज है बल्कि निगरानी का तंत्र भी मौजूद है।प्रदेश में बारिश से 2996.33 किलोमीटर सड़क में गड्ढे हो गए। इन पर पेच रिपेयर का काम चल रहा है। 31 दिसंबर की अंतिम समय सीमा तय की गई और सभी कार्यपालन अधिकारियों के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसकी निगरानी साफ्टवेयर के माध्यम से की जाती है। लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं होने पर साफ्टवेयर से संबंधित कार्यपालन यंत्री को सड़कवार एसएमएस चला जाता है। वहीं, अधीक्षण यंत्री, मुख्य अभियंता, प्रमुख अभियंता और प्रमुख सचिव को भी पता होता है कि कार्यों की मैदानी स्थिति क्या है।

### पंजाब के अधिकारी भी देख चुके साफ्टवेयर

प्रमुख अभियंता अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि पेच रिपेयर सहित सड़क की स्वीकृति, निर्माण आदि की जानकारी साफ्टवेयर की मदद से मिल रही है। जिले, संभाग और प्रदेशभर की यह जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। इसके लिए मुख्य अभियंता और कार्यपालन यंत्रियों को लागिन, पासवर्ड दिए गए हैं। वे साफ्टवेयर में जानकारी भरते हैं। इससे कार्य की मौजूदा स्थिति की जानकारी तुरंत पता चल जाती है। यह जानकारी प्रतिदिन अपडेट होती है। यह व्यवस्था दूसरे राज्यों को भी पसंद आ रही है। बिहार के अधिकारियों ने यह व्यवस्था अपने यहां लागू करने के लिए साफ्टवेयर देने की मांग की है। पंजाब के अधिकारी भी इसे देख चुके हैं। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि साफ्टवेयर के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था बनाई गई है। इससे काफी मदद मिल रही है। इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

# मौसम विज्ञानी हैरान

## हवाओं का रुख दक्षिणी होने के बाद भी लुढ़क रहा पारा

**भोपाल ।** एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर में मौजूद है। पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से वर्तमान में हवा का रुख दक्षिणी बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौजूदा परिस्थितियों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होना चाहिए। इसके विपरीत राजधानी और उसके आसपास तापमान में गिरावट हो रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन में रात का सबसे कम तापमान रहा। पिछले 10 वर्ष में भी भोपाल में नवंबर की शुरुआत में इतनी ठंड नहीं पड़ी। इस बारे में मौसम विज्ञानियों का तर्क है कि जबलपुर, होशंगाबाद संभागों के जिलों में अच्छी ठंड पड़ रही है। वहां से आ रही सर्द हवा के कारण राजधानी में पारे में गिरावट हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के मंगलवार को जम्मू-काश्मीर से आगे बढ़ने के आसार हैं। इस सिस्टम के आगे बढ़ने से हवा का रुख बदलने से तापमान में फिर गिरावट शुरू होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ मौजूद है। इसके प्रभाव से पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। इस सिस्टम के कारण वर्तमान में हवा का रुख दक्षिणी बना हुआ है। इस वजह से जबलपुर, भोपाल, होशंगाबाद संभागों के जिलों को छोड़कर शेष मध्यप्रदेश में न्यूनतम तापमान बढ़ा हुआ है। भोपाल में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात इस सीजन की सबसे सर्द रात में शुमार हो गई। शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में सघन हरियाली के कारण जबलपुर, होशंगाबाद संभागों के जिलों में तापमान कम बने हुए हैं। वर्तमान में इन क्षेत्रों से आ रही हवाओं के कारण राजधानी में न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। अभी एक-दो दिन तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना रहेगा।

# मॉल के बाहर एमओएस में बना रखी थी अस्थाई दुकानें

**भोपाल।** निगम के दो फोन अधिकारी अनुभव निरीक्षक यहां पर जांच के लिए पहुंचे तो पाया कि मॉल के बाहर एमएस में केनोपी और कियोस्क लगाकर दुकान का संचालन किया जा रहा था। ऐसे में निगम अफसरों ने मॉल की नपती कर जांच शुरू की। नंबर सात के भवन निरीक्षक स्थित खरे के मुताबिक जांच में फिलहाल पाया गया कि माल के एमओएस में किओस्क और दुकाने बनाई गई है जो कि अनाधिकृत है। अभी जांच रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अफसरों को सौंपी जाएगी। इसके पश्चात माल संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि मॉल के बाहर दीपावली त्यौहार के अवसर पर अक्सर सजावटी वस्तुएं और घरेलू उपयोगी वस्तुओं की छोटी-छोटी अस्थाई दुकानें लगाई जाती हैं।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रेल सुरक्षा बल द्वारा परेड का भव्य आयोजन

## मुख्य सुरक्षा आयुक्त को दी सलामी



**जबलपुर यश भारत।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में रेल सुरक्षा बल द्वारा एक भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित आरपीएफ के अधिकारियों एवं बल के सदस्यों को ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल द्वारा महाप्रबंधक मुख्यालय कार्यालय में प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता के मुख्य अतिथि में एक भव्य परेड का आयोजन भी किया गया। रेल सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा शानदार परेड का आयोजन कर प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त को सलामी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय रेल पूरे देश को जोड़ने का काम करती है, इसी तरह हम सब को भी संयुक्त रूप से देश की अखंडता को बनाए रखना है। यह रहे उपस्थित इस अवसर पर मुख्यालय के मुख्य सुरक्षा आयुक्त महेश्वर सिंह, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त अरूण कुमार त्रिपाठी, सुरक्षा आयुक्त मुख्यालय दया शंकर राम सहित अन्य अधिकारी एवं रेल बल सदस्य उपस्थित रहे।



11 वीं इंडिया सीनियर महिला हाकी चेंम्पियनशिप में मप्र

# शमा ने लगाये संस्कारधानी की शान में चार चांद

**जबलपुर यशभारत।** हाकी इंडिया के तत्वावधान में झांसी में आयोजित11 वीं इंडिया सीनियर महिला हाकी चेंम्पियन शिप मे मध्यप्रदेश की टीम में शामिल शहर की शमा खान ने नेशनल चेंम्पियन शिप मुकाबले में हरियाणा की टीम को1-0से हराकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश की टीम को राष्ट्रीय चेंम्पियन बनने का गौरव दिलाया। उल्लेखनीय है कि शमा खान को हाकी खेल विरासत में मिला है ।उनके दादा हाकी के राष्ट्रीय निर्णायक हाजीइसरार अली से मिली ।जिसे उनके दादा हाजी हैदर अली और पिता शौकत अली ने प्रेरित किया।अपनी उपलब्धि का श्रेय उन्हें देते हुए शमा का सपना है कि वह राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान सुरक्षित करे।इस उपलब्धि पर एस पी सिद्धार्थ बहुगणा ए एस पी शिवेन्द्र सिंह बघेल रक्षित निरीक्षक सौरभ मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के दिग्विजय सिंह नितिन ढिमोले लोक बहादुर राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी मधु यादव लियाकत अली अफसर अली रुस्तम अली आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दीं

# ईमानदारी से काम करने वाले व्यक्ति को मिलता है सम्मान: गुप्ता

## जबलपुर रेल मंडल का सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन



**जबलपुर यश भारत।** शासकीय विभाग में हर कार्य को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं छोटी-छोटी सतर्कता से करने पर संस्थान का चहुमुखी विकास होता है, सतर्कता एवं ईमानदारी से कार्य करने वाले व्यक्ति का जीवन सरल होता है एवं उसे हमेशा सम्मान मिलता है, इस आशय के उद्गार वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी वी.के. गुप्ता ने मंडल कार्यालय में आयोजित सतर्कता सेमीनार में पश्चिम मध्य रेल के सतर्कता एवं मंडल के शाखा अधिकारियों को अपने संबोधन में व्यक्त किये। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर मंडल कार्यालय में आयोजित सेमीनार में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ, पश्चिम मध्य रेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (दूर संचार) संजीव तिवारी, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी संदीप जैन, बसंत शर्मा, सहित मंडल के अधिकारी सर्व डॉ.ए. के. मिश्रा, राहुल श्रीवातव, डॉ मधुर वर्मा, विराट गुप्ता,संजय मनेरिया, पी के सिंह,सुनील श्रीवास्तव,देवेश सोनी, जी.पी. श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. इस अवसर पर सतर्कता अधिकारियों ने रेलवे में कार्य के दौरान सतर्कता बरतने के विभिन्न चरणों का पावर पॉइंट प्रजेंटेशन देकर अधिकारियों की शंकाओ का निराकरण किया. सतर्कता अधिकारियों ने विभागीय परीक्षा, स्थानांतरण, टेंडर, सामग्री का क्रय, निर्माण, ड्यूटी से अनुपस्थित रहने सहित अनेक मुद्दों पर रेलवे के नियमो के अनुसार कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि जबलपुर रेल मंडल में गत 26 अक्तूबर को सतर्कता सप्ताह का शुभारम्भ श्री विश्वास ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सतर्कता की प्रतिज्ञा दिलाकर किया था. इस दौरान लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर पूरे सप्ताह विभिन्न आयोजन किये गए।

# कोरोना योद्धओं को प्रदान की जाये

**जबलपुर।** म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि आज संपूर्ण देश में लगभग 100 करोड़ लोगों का वैक्शीनेशन हो चुका है। इस वैक्शीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ नगरीय निकाय, पलिस तथा राजस्व विभाग का पर्ण योगदान विभागों के कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालते हए, अपने परिवार की परवाह किये बिना इस कोरोना आपदा से लड़ने के लिए लोगों को वैक्शीनेशन कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। मध्यप्रदेश और जिला जबलपुर ने भी आज दिनांक तक अपने वैक्शीनेशन के लक्ष्य को पूर्ण किया है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एएनएम, एमपीडब्लयू , आशा कार्यकर्ताओं दवारा घर घर जाकर सर्वे कर पीले चावल बांटे और कोरोना टीकाकरण के प्रोत्साहन हेतु भरसक प्रयास किया गया , इसमें उन्हें सफलता भी मिली, इसके एवज में उन्हें किसी भी प्रकार का मानदेय भुगतान नहीं किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरोना योदओं को 10 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी, जो आज तक लंबित है, जिससे कोरोना योदआ हतोत्साहित हैं और उनमें रोष व्याप्त है।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डेय , ब्रजेश मिश्रा, परशुराम तिवारी, मनोज सिंह, वीरेन्द्र चंदेल, शिवप्रसाद बाथरे, मुकेश मिश्रा, तुषरेन्द्र सिंह, राजेश चतुर्वेदी , नीरज कौरव, जवाहर लोधी, दिलराज झारिया, आशीष जायसवाल, सतीश देशमुख, निशांक तिवारी, सी एन शुक्ला, पंकज जायसवाल, योगेश कपूर, राकेश पटेल, उमेश मुदगल, जी पी शुक्ला, शेरसिंह , अभिषेक वर्मा, रामकृष्ण तिवारी, अमित गौतम, सुधीर गौतम, रितुराज गुप्ता, वीरेन्द्र पटेल आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की गई है कि कोरोना योद्धाओं को घोषणानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाये।

# जे एन सी टीम फाइनल में

**जबलपुर।** संजीबनी नगर क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित वीरांगना रानीदुर्गावती कप में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में में जे एन सी टीम ने जबलपुर क्लब को सेमीफाइनल में परिजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर क्लब ने 160 रन बनाए जिसमे निखिल शाह 55 पीयूष 35 एक्सट्रा 34 रन रहे ।जे एन सी की ओर से हिमांशु 3 युगल 2 विकेट प्रप्त किये । जवाब में जे एन सी की टीम 4 विकेट से विजयी हुई । जिसमे कृष 42 कन्हा 30 रन बनाकर नॉबद रहे ।जबलपुर क्लब से वैदिक 4 विकेट लिए । मैच के दौरान संजीबनी अकेडमी के अध्यक्ष संजय राठौर हरीश परिहार मनोज ठाकुर अजय चौबे उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भरता से ही आर्थिक समृद्धता




**जबलपुर।** चंचलबाई पटेल महिला महाविद्यालय, में मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर डॉ. स्वाति गोडवोले नगर निगम, जबलपुर ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि पूरा भारत कोरोना काल के बुरे दौर से निकलकर धीरे-धीरे सामान्य होता आ रहा है और इस समय आत्मनिर्भरता ही वह औजार है, जो प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध कर सकता है। आत्मनिर्भर भारत का मूल उद्देश्य अपने नगर प्रदेश में अपने संसाधा का विकास करना और विकास की नयी राह तैयार करना होगा और इसमें प्रत्येक नागरिक को आगे बढ़कर सहयोग देना होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर डॉ. सारिका ठोसर डॉ. वंदना दुबे सुनीता त्रिवेदी, श्री जितेन्द्र दरेकर, डॉ रीझन झारिया, डॉ. रश्मि ची क प्रतीत अशुल मिश्रा, श्री सौरभ तिवारी प्राध्यापक व कर्मचारी गण के साथ छात्रायें कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजुल शर्मा ने किया।

# बरगी उप तहसील बाबू बिहीन राजस्व के कार्य हो रहे प्रभावित

**बरगी–**बरगी उप तहसील में बाबू न होने से राजस्व के सारे कार्य प्रभावित हो रहे है लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है लोगों का कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है वहीं अन्य कर्मियों पर भी दुगना कार्य भार पड रहा है इस मामले पर जब बरगी नायब तहसीलदार सुषमा धुर्वे से बात हुई तो उन्होंने बताया कि अभी कुछ दिनों पहले तक बाबू हफ्ते में तीन दिन बरगी आते थे परंतु अब उन्हें बरगी से हटाकर जबलपुर शिफ्ट करदिया गया है दूसरे बाबू की जल्द ही पदस्थापना की जाएगी मेरे द्वारा जितना अधिक हो सकता है उतना कार्यो को निपटाने में लगी हु 23 तारीख से लगनी थी पूर्ण तहसील– वहीं पिछले माह से बरगी को पूर्ण कालिक तहसील के दर्जा मिल गया अधिसूचना भी जारी हो गई पिछले माह की 23 तारीख से तहसील कार्यालय बरगी में ही लगना था परंतु अभी तक तहसील बरगी में न लगना भी अन्य संकायों को जन्म देता है अंदरूनी जानकारी के अनुसार कुछ कर्मचारी नहीं चाहते कि बरगी में तहसील लगे क्योंकि उन्हें शहर से बरगी आने में परेशानी का सामना करना पडेगा।

# गोबर के दीपक बनाकर प्रदर्शन किया

गोटेगांव–-,सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव भैया बहनों ने गोबर के दीपक बनाकर प्रदर्शन किया कक्षा प्रथम से पंचम के भैया बहनों द्वारा दीपावली के पूर्व समाज को एक संदेश आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन गोबर एवं मिट्टी के दिनों का निर्माण की कार्यशाला आयोजित कर समाज के लोगों को प्रेरणा दी दीपावली पर भारतीय कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी के दिए वा अन्य सामग्री का उपयोग करें आज विद्यालय में दीपक मेला का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों द्वारा दीपक बनाकर प्रदर्शन किया कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष हाकम सिंह चढ़ार व्यवस्थापक राजकुमार जैन मुरली बादक गोपाल विश्वकर्मा प्रभारी प्राचार्य संतोष बेन प्रधानाचार्य नर्मदा। गुप्ता व्माख्याता ओमप्रकाशयादव किशोर शुक्लासंजयजैन सरदार पटैल राजीव दीक्षित राजेश मेहरा सविता राजपूत तुलसा नामदेव माया किरण कल्पना चौरसिया पुष्पा कहार सगीता जैन।

# एबीवीपी ने जलाया जिहादी गैंग का पुतला



अनूपपुर। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहडोल नगर के कार्यकर्ताओं ने विगत शुक्रवार 29 अक्टूबर को त्रिपुरा के कैलाशहर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर जिहादी गैंग के असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया एवं एबीवीपी के कार्यकर्ता को चाकू मार दी अभाविप के नगर मंत्री सौरभ द्विवेदी ने बताया कैला शहर के आरके आई स्कूल मे कैला शहर के नगर मंत्री शिवाजी सेनगुप्ता पर जेहादी मानसिकता से ग्रस्त लोगों द्वारा चाकू घोंप कर जानलेवा हमला किया गया जो कि एक छात्र समुदाय इस जिहादी हिंसा से आक्रोशित था इस हमले की घोर भर्त्सना अभाविप करती है घटना में दोषी मोहम्मद अजमल इस्लाम सहित सभी दोषियों को शीघ्र अति शीघ्र से गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग करती है जिहादी मानसिकता का आज पुतला दहन करके शहडोल गांधी चौक पर इस घटना का विरोध किया एवं दोषियों को सजा देने की मांग की इस दौरान अभाविप के जिला सह संयोजक डॉक्टर सिंह मार्को सौरभ द्विवेदी शिवम वर्मा आकाश कुशवाहा आकृति तोमर रागनी तोमर पुष्पराज सिंह मनीष चौरसिया अमित यादव रोशन गुप्ता वात्सल जैसवाल अभिजीत श्रीवास्तव टानिस्क दाहिया सौरभ गुप्ता प्रियांशु त्रिपाठी बलराम बैगा विष्णु यादव हरिवंश सिंह पंकज सिंह आदि उपस्थित रहै।

# दीपावली पर्व में बाजार हुए गुलजार, महंगाई और मंडी का दिख रहा असर



अनूपपुर द्य दीपोत्सव के पर्व को लेकर अनूपपुर कोतमा जैतहरी राजन ग्राम स्थानों के व्यापारी बंधुओं के द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई हैंद्य मंगलवार को धनतेरस है, वही व्यापारियों का कहना यह भी है कि ऑनलाइन शॉपिंग और महंगाई तथा बाजार में मंदी ने पूरी तरह से व्यापार को प्रभावित किया हैद्य इन 4 वर्ष पूर्व दीपोत्सव के दिन से पखवाड़े भर पहले से ही ग्राहकों की पूछ परख प्रारंभ हो जाती थी लेकिन अभी बाजार में उतनी भीड़ नजर नहीं आ रही हैद्य पेंट से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि ऐसा लगा कि था कि कोरोना के जाने के बाद व्यवसाय अच्छा रहेगा लेकिन इतनी उम्मीद नहीं बन पा रही जितना पहले होता थाद्य तान्या मोटर्स टीवीएस शोरूम के संचालक रवि तिवारी का कहना है कि ऑनलाइन शॉपिंग ने कोयलांचल के व्यवसाय को प्रभावित किया हैद्य कोरोना के पहले के वर्षों की तुलना में अब व्यवसाय कम हो रहा है द्य हमारे द्वारा लोगों की मनपसंद बाइक बुकिंग कराने के बाद उपलब्ध कराया गया है और ग्राहकों की संतुष्टि हैद्य चंदेरिया आभूषण के संचालक ऋषभ चंदेरिया एवं दीपक चंदेरिया का कहना है कि धनतेरस के दिन के सप्ताह भर पूर्व ही ग्राहकों द्वारा अपनी मनपसंद चीजों की फरमाइश की गई है और हम ग्राहकों के फरमाइश के अनुसार चीजें संस्थान में उपलब्ध भी करा रहे हैंद्य हालांकि इस बार महंगाई के कारण सराफा व्यवसाय पर भी सीधा असर दिखाई दे रहा हैद्य

# करकबेल में मनाया गया स्थापना दिवस

**गोटेगांव–**-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकबेल में 1नवंबर 2021 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह 7बजे संस्था प्राचार्य रघुवीर सिंह लोधी द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ बच्चो को मास्क वितरित किए गए ।तत्पश्चात प्रभात फेरी देशभक्ति व कोविड 19के नारों के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर वापिस हुई।मां सरस्वती पूजन किया गया वन्दना लक्ष्मी रैकवार द्वारा प्रस्तुत की गई।देश भक्ति गीत गायन के साथ नृत्य की भी प्रस्तुतियां की गई।बच्चो द्वारा कोविड़ 19से बचाव हेतु नाटक के माध्यम से प्रेरणा दी गई।रचना लोधी का जन्मदिन वृक्षारोपण कर मनाया गया। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में व्हालीवाल,कबड्डी, स्लो साइकिल दौड़ ,मेंहदी,रंगोली, खो खो ,निबंध लेखन ,चित्रकला का आयोजन किया गया। व्हालीवाल प्रभारी श्री शोभाराम चडार,पवन लोधी,वीरेंद्र रामटेके शिक्षक,स्लो साइकिलिंग में प्रभारी केदार झरिया,नीलांबर लोधी,कमलेश दुबे,कबड्डी में प्रभारी पूरन लोधी,कमल नेमा,खोखो में प्रभारी वर्षा दोहरे, गुलशाना उस्मानी,प्रमोद चौधरी,अमित कुमार पटेल,मेंहदी में प्रभारी श्रीमती परवीन बानो,वर्षा विश्वकर्मा, रंगोली में पूर्णिमा तिवारी,क्षमा पटेल,नृत्य में श्रीमती कृष्णा ठाकुर,अनिता श्रीवास्तव, नाटक में छाया गुप्ता, मोहनी ठाकुर, दीपक सोनी, भाषण में अजय तिवारी,रेखा वैष्णव, शकुंतला उईके ,सुनील अहिरवार प्रभारी रहे।स्लो साइकिल में प्रथम लकी दुबे,द्वितीय कृष्ण कुमार माध्यमिक विभाग, हायर सेकेण्डरी से प्रथम पुष्पेंद्र काछी, द्वितीय हर्ष रजक ,तृतीय बालकृष्ण , लड़कियों में प्रथम खुशी चौरसिया रही। मेंहदी में राशि स्थापक, साक्षी लोधी ,रिया लोधी विजेता रही। रंगोली में भुवनेश्वरी मेहरा, पूर्वा मेहरा ,रागिनी तिवारी प्रथम, दिव्तीय ललिता द्ववेदी, पलक ,सीमा यादव ,तृतीय भागवती लोधी, पूनम मेहरा,दीक्षा लोधी , जस्मीन बि रही।कार्यक्रम का सफल संचालन बी एस मेहरा तथा वर्षा विस्वकर्मा ने किया।आभार प्रदर्शन प्राचार्य रघुवीर सिंह लोधी द्वारा किया गया।



## भारत भाजपा आदिवासी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कल सिंह बाबर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला इकाई अनूपपुर के जिला अध्यक्ष पद पर भारत सिंह मनोनयन किया हैद्य भारत पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रह चुके हैंद्य भारत के जिला अध्यक्ष बनने पर सुदामा सिंह हीरा सिंह श्याम रामदास पुरी अमोल सिंह पुरुषोत्तम सिंह मालती सिंह रज्जू सिंह यदु राज पनिका कैलाश मरावी आदि ने बधाई दी है।

## श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत उद्योगपतियों ने साझा किए अपने विचार

**गोटेगांव –**–श्री जगद्गुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर (गोटेगांव) में नई शिक्षा नीति उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रथम वर्ष के चतुर्थ प्रश्न पत्र में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के संदर्भ में क्षेत्रीय उद्योगपतियों एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधक महोदय के सानिध्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती जी एवं द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के तैल चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर पूजन किया गया एवं छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश गान प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात उद्बोधन श्रंखला में विकास इंडस्ट्रीज के संचालक चौ. विकास जैन जी के द्वारा छात्र-छात्राओं को कार्यालयीन कार्य हेतु एमएस वर्ड,एक्सेल इत्यादि के क्षेत्र में परियोजना करने वाले छात्र छात्राओं को उनकी बारीकियों को समझाया एवं कहा कि ऐसे छात्र छात्रा जो परियोजना कार्य इसमें करना चाहते हैं उन्हें वे हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम के गोटेगांव शाखा प्रबंधक श्री राकेश चढ़ार जी ने एलआईसी की कार्य पद्धति को छात्र छात्राओं के साथ साझा किया एवं ग्रामीण स्तर पर जीवन बीमा अभिकर्ता के लिए परियोजना कार्य करने वाले छात्र छात्राओं को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# न्यू टीटीई रेस्ट हाउस बनकर तैयार

## टिकिट चल निरीक्षकों को जल्द मिलेगी सुविधाएं

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल में रेल कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर सुविधाओं का दिन प्रतिदिन विस्तार किया जा रहा है। गौरतलब है कि यात्री गाड़ियों में ऑन ड्यूटी सेवा प्रदान करने वाले टिकिट चल निरीक्षकों को गंतव्य स्टेशन पर रेस्ट हाउसों को नवीनीकृत करके विस्तार कर बेहतर सुविधाओं के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पमरे के जबलपुर मण्डल में कटनी मुड़वारा स्टेशन के पास 50 बिस्तरों वाला दो मंजिल का न्यू टीटीई रेस्ट हाउस बनकर तैयार है। इस रेस्ट हाउस में सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ जल्द से जल्द सुविधा का लाभ मिलेगा। इसमें महिला टिकिट चल निरीक्षकों के लिए अलग से सुविधा प्रदान की गई है। इस रेस्ट हाउस में कई सुविधाएं उपलब्ध है।



1) ग्राउंड फ्लोर पर 03 डोरमेट्री में 30 बिस्तर एवं प्रथम तल पर 02 डोरमेट्री में 20 बिस्तर उपलब्ध है।
2) महिला टीटीई के लिए ग्राउंड फ्लोर पर 01 रूम एवं प्रथम तल में 01 रूम के साथ बाथरूम अटेच उपलब्ध है।
3) ग्राउंड एवं प्रथम तल पर मनोरंजन रूम भी बनाया गया है।
4) बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भोजन बनाने के लिए 02 किचन एवं स्टोर रूम ग्राउंड फ्लोर पर बनाया गया है।
5) भोजन ग्रहण करने के लिए डाइनिंग हॉल कि व्यवस्था की गयी है।
6) 01 स्टॉफ रूम एवं 01 स्टॉफ रेस्ट रूम के साथ अलग से व्यवस्था की गई है। जिससे आवक और जावक का उचित ध्यान रखा जा सके।
7) दोनों मंजिलों पर स्नानगृह एवं शौचालय की अलग से उचित व्यवस्था के साथ 05 ब्लॉक तैयार किया गया है।
8) पीने के पानी के लिए ड्रिंकिंग वॉटर कूलर दोनों मंजिलों पर लगाया गया है।
9) स्टॉफ कार्यालय का रूम ग्राउंड फ्लोर पर अलग से तैयार किया गया है।

पश्चिम मध्य रेल पर यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ रेल कर्मचारियों को भी बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है। इसी प्रकार पमरे द्वारा तीनों मण्डलों में ज्यादा से ज्यादा रेस्ट हाउसों सुविधाओं का विस्तार करके वृद्धि करेगा।

# धनतेरस के दिन ही मनाया जाता है आयुर्वेद दिवस

आयुर्वेद को हमारे देश में इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि इसके साइड इफेक्ट के चांसेज बहुत ही कम होते हैं। साथ ही इससे शरीर में होने वाला फायदे लंबे समय तक भी बने रहते हैं। आयुर्वेद दिवस हर साल धन्वंतरी जयंती या धनतेरस के दिन मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत साल 2016 में हुई थी। इस साल देश पांचवा आयुर्वेद दिवस मनाएगा। जैसा कि आपको नाम से समझ आ ही गया होगा इस दिवस को मनाने का उद्देश्य। इसका उद्देश ?य आयुर्वेद को बढ़ावा देने के साथ ही इससे जुड़े लोगों और उद्यमियों में कारोबार के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना है। हर साल, राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस को आयुष मंत्रालय द्वारा धन्वंतरि जयंती यानी धनतेरस के दिन मनाया जाता है। जब इंसान को दवाओं की समझ नहीं थी तब रोगों का उपचार आयुर्वेद के माध्यम से ही किया जाता था और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता है इसलिए इसकी महत्वता है।

### कौन हैं भगवान धन्वंतरि?

भारतीय पौराणिक दृष्टि से धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता का दिवस माना जाता है। भगवान धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद जगत के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। आदिकाल में आयुर्वेद की उत्पत्ति भगवान ब्रह्मा से हुई ऐसा माना जाता है। आदि काल के ग्रंथों में रामायण-महाभारत और भी कई दूसरे महत्वपूर्ण पुराणों की रचना हुई है, जिसमें सभी ग्रंथों ने आयुर्वेदावतरण के प्रसंग में भगवान धन्वंतरि का उल्लेख किया है।



### धनतेरस के दिन ही क्यों मनाते हैं आयुर्वेद दिवस?

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस हर साल धनतेरस के दिन मनाया जाता है। भगवान धन्वंतरी को आयुर्वेद और आरोग्य का देवता माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। समुद्र मंथन से निकले भगवान धन्वंतरि के हाथों में कलश था। इसी वजह से दिवाली के दो दिन पहले भगवान धन्वंतरी के जन्मदिन को धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में आयुर्वेद के देवता कहे जाने वाले भगवान धन्वंतरि के जन्मदिन यानी धनतेरस के दिन राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। जो सेहतमंद रखने का बेहतरीन जरिया है।

## आजशाम 06 बजकर 18 मिनट से रात के 10 बजे तक खरीदारी के लिए अच्छा समय

### शुभ मुहूर्त में करें सोना चांदी से लेकर बर्तन तक की खरीदारी




धनतेरस पर सोना-चांदी और बर्तन खरीदने के लिए 02 नवंबर को सुबह 06 बजकर 34 मिनट से लेकर 11 बजकर 30 मिनट तक शुभ रहेगा। अगर धनतेरस के शाम के मुहूर्त की बात करें तो 06 बजकर 18 मिनट से रात के 10 बजे तक खरीदारी के लिए अच्छा समय रहेगा।

आज धनतेरस है और इस दिन खरीदारी करने से उसमें तेरह गुना की बढ़ोतरी साल भर होती रहती है। इसके अलावा आज धनतेरस पर त्रिपुष्कर योग भी बन रहा है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार इस योग में खरीदारी ,निवेश और शुभ कार्यों की शुरुआत करने पर इसमें तीन गुने का लाभ मिलता है। आज धनतेरस पर यह योग सुबह से लेकर दोपहर करीब 12 बजे तक रहेगा। ऐसे में इस समय धनतेरस की शुभ खरीदारी बहुत ही शुभ और फल देने वाली रहेगी। सुबह से लेकर शाम तक धनतेरस के मौके पर बाजार में खरीदारी की रौनक रहेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का त्योहार आता है। धनतेरस शुभ दिवाली के दो दिन पहले आता है। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी के साथ धन के देवता कुबेर, भगवान गणेश, यमदेव और भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यता है कि धनतेरस के दिन ही आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन के दौरान सोने के कलश के साथ प्रगट हुए थे। धनतेरस के दिन सोने-चांदी की चीजें और बर्तन खरीदने की परंपरा होती है। ऐसा कहा जाता है धनतेरस के शुभ अवसर और मुहूर्त पर नया कार्य करने और खरीदारी से इसमें तेरह गुने की वृद्धि होती है।

## राशि अनुसार खरीदें

### अपनी राशि के अनुसार खरीदी आपको साल भर की शुभता और मांगल्य दे सकती है

राशिनुसार सामग्री-

मेष- चांदी या तांबे के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान
वृषभ- चांदी या तांबे के बर्तन
मिथुन- स्वर्ण आभूषण, स्टील के बर्तन, हरे रंग के घरेलू सामान, पर्दे
कर्क- चांदी के आभूषण, बर्तन
सिंह- तांबे के बर्तन, वस्त्र, सोना
कन्या- गणेश की मूर्ति, सोना या चांदी के आभूषण, कलश
तुला- वस्त्र, सौंदर्य या सजावट सामग्री, चांदी या स्टील के बर्तन
वृश्चिक- इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोने के आभूषण, बर्तन
धनु- स्वर्ण आभूषण, तांबे के बर्तन
मकर- वस्त्र, वाहन, चांदी के बर्तन
कुंभ- सौन्दर्य के सामान, स्वर्ण, ताम्र पात्र, जूता-चप्पल
मीन- स्वर्ण आभूषण, बर्तन।



## धनतेरस रंगोली

वैसे तो दिवाली रोशनी का त्योहार है लेकिन इस पांच दिवसीय पर्व पर रंगों का भी बहुत महत्व है। हिंदू धर्म का यह सबसे बड़ा त्योहार है। धनतेरस से भाईदूज तक आंगन से सड़कों पर अलग ही रौनक होती है। पांच दिनों तक घर और दुकान को रंगीन सीरीज और रंगोली से सजाया जाता है। एक वक्त था जब महिलाएं चावल के आटे से रंगोली बनाती थी। और वह बहुत शुभ होता था। लेकिन वक्त के साथ वह प्रथा धूमिल हो गई। अब रंग-बिरंगे रंग से रंगोली बनाई जाती है। कहा जाता है कि रंगोली बनाने से देवी लक्ष्मी आपके घर आती है।



### 1. धनतेरस रंगोली

इस दिन आप फूलों से रंगोली बना सकते हैं। जी हां, फूलों से बनी रंगोली बेहद खूबसूरत लगती है। उसे अलग-अलग डिजाइन में बना सकते हैं। आमतौर पर गोलघेरे या आाधी रंगोली मुख्य द्वार पर बनाने का प्रचलन है। रंगोली बनाने के बाद आप उस पर बड़ी-बड़ी चमक डाल सकते हैं। और साथ ही थोड़ा इत्र का छिड़काव कर दें।

## रूप चौदस के दिन यम की पूजा

### ध्यान से कर लें काम, होंगी सभी मनोकामनाएं पूर्ण

दिवाली से पहले वाले दिन नरक चतुर्दशी पड़ती है। इस दिन की अपनी खास मान्यता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने भौमासुर यानी नरकासुर का वध किया था। इसके साथ ही श्रीकृष्ण ने लगभग 16 हजार महिलाओं को मुक्त भी कराया था। ऐसे में इस दिन सभी लोग काफी खुश थे और इसी खुशी को मनाने के लिए दीप जलाकर उत्सव मनाया गया था। इसी परंपरा को हर साल मनाया जाता है और लोग इस दिन अपने घरों में दीये जलाते हैं। इस दिन महिलाएं व्रत भी रखती हैं और भगवान से अपने घर में सुख-समृद्धि की कामना भी करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दिन कौन से काम करने चाहिए? आखिर कौन से ऐसे काम हैं, जिन्हें इस दिन करना काफी शुभ माना जाता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण भी होती है? शायद नहीं, तो चलिए हम आपको बातते हैं।






#### स्नान करना

नरक चतुर्दशी के दिन को रूप चौदस भी कहा जाता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर उबटन लगाकर और पानी में नीम के पत्ते डालकर स्नान करना काफी शुभ माना जाता है। इसलिए इस दिन ऐसा करना चाहिए।

#### यम के नाम का दिया जलाएं

नरक चतुर्दशी के दिन यम की पूजा होती है और इसके बाद शाम को घर की दहलीज पर उनके नाम का दीया भी जलाया जाता है। कहा जाता है कि ऐसा करने से घर के किसी भी सदस्य को अकाल मृत्यु नहीं आती है।

#### चौदह दीये जलाने की मान्यता

यम के दीये के अलावा इस दिन मान्यता ये भी है कि इस दिन सूर्यास्त के बाद लोग अपने घरों के दरवाजों पर चौदह दीये जलाकर दक्षिण दिशा की तरफ इनका मुंह करना चाहिए। साथ ही पूजा-पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से काफी लाभ मिलते हैं।

#### कालिका मां की विशेष पूजा

नरक चतुर्दशी के दिन को काली चौदस भी होती है और ये दिन माता कालिका के नाम का होता है। इस दिन घर में मां कालिका के नाम की विशेष पूजा करनी चाहिए

#### भगवान कृष्ण की पूजा

जैसा कि नरक चतुर्दशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। ऐसे में इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा करना काफी शुभ माना जाता है। श्रीकृष्ण की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## नरक चतुर्दशी रसोई खास

### नरक चतुर्दशी का डिनर मेन्यू मशरूम कोफ्ता

चपाती या तंदूरी रोटी
चावल
रायता या दही भल्ले
खीर या गुलाब जामुन

मशरूम कोफ्ता बनाने सामग्री- मशरूम, उबले आलू, प्याज और टमाटर,अदरक लहसुन का पेस्ट,गरम मसाला, मैदा,घी, तेल, काली मिर्च पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, नमक, क्रीम या खोया, धनिया पत्ती।



दिवाली उत्सव का हर दिन खास होता है। धनतेरस से शुरू होने वाले दीपों के पर्व का अंत भाई दूज के दिन होता है। ऐसे में हर पर्व की आपकी खास मान्यता है और अलग अलग तरह से सभी को मनाने का तरीका है। 2 नवंबर से पांच दिन के दीपोत्सव की शुरुआत हो रही है। धनतेरस के बाद नरक चौदस है। इस दिन को लोग छोटी दिवाली भी कहते हैं। इस दिन साफ सफाई का विशेष महत्व है। नरक चतुर्दशी के दिन को अलग तरह से मनाने के लिए आप इस दिन रात के खाने में कुछ खास डिश को शामिल करें। त्योहार में लजीज पकवान, मिठाई, स्नैक्स आदि बनाए जाते हैं। ऐसे में डिनर को भी कम मेहनत के साथ स्वादिष्ट और लजीज बनाने के लिए कुछ खास डिश हैं, जिनकी रेसिपी यहां बताई जा रही है। ये रही नरक चतुर्दशी पर रात के खाने का स्पेशल मेन्यू और उसकी आसान रेसिपी।



### मशरूम कोफ्ता बनाने की रेसिपी

स्टेप 1- कोफ्ता बनाने के लिए सबसे पहले मशरूम बॉल्स बनाएं। एक कड़ाही में घी गर्म करके उसमें मशरूम, काली मिर्च पाउडर और नमक डालकर दो मिनट भून कर गैस बंद कर दें।

स्टेप 2- अब उबले आलू और पनीर को मिलाकर अच्छे से मैश करें। इसमें खोया, इलायची पाउडर और नमक मिलाएं। इस मिश्रण में मशरूम और थोड़ा सा मैदा डालकर मिला लें और बॉल्स बना लें।

स्टेप 3- मशरूम बॉल्स को तेज आंच पर तेल गर्म करके सुनहरा होने तक तल लें।

स्टेप 4- अब मशरूम की ग्रेवी तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक कड़ाही में तेल गर्म करें। उसमें कटे हुए प्याज को सुनहरा होने तक भूने। फिर अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भून लें। बाद में टमाटर डालकर नरम होने तक पकाएं। अब उसमें नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला मिलाएं। मसाला भुन जाए तो टमाटर प्यूरी डालकर 1 मिनट पकाने के बाद गैस बंद कर दें।

स्टेप 5- जब मसाला ठंडा हो जाए तो ग्राइंडर जार में डालकर पीस लें।

स्टेप 6- मसाले के मिश्रण को दोबारा पकाने के लिए चढ़ाएं। इसमें थोड़ा पानी डालें। क्रीम या एक चम्मच खोया को पानी में मिला लें। खोया पक जाए तो इसमें मशरूम कोफ्ता बॉल्स को डालें। धीमी आंच में एक मिनट इसे पकाएं। धनिया पत्ती से गार्निश करें।

## रूप चौदस पर पाना चाहते हैं इंस्टेंट ग्लो तो ...

रूप चौदस पर प्रमुख रूप से सौंदर्य का महत्व है। इस दिन खासकर सूर्योदय से पहले उठकर ब्रह्म मुहूर्त में नहाने की प्रथा है। हालांकि सब ऐसा नहीं कर पाते हैं इसलिए दिनभर अन?य शुभ मुहूर्त में भी अपना रंग निखार सकते हैं। तो इस दिवाली पर जानते हैं कुछ आसान से नुस्खे। जिन्हें आप घर पर कर सकते हैं और आपका चेहरा कुछ ही देर में ग?लो करने लगेगा।

- विटामिन- द्र कैप्सूल और एलोवेरा जेल - दो चम्मच एलोवेरा जेल और 1 कैप्सूल लें। दोनों को अच्छे से मिक्स करके चेहरे पर लगा लगाकर रात में सो जाएं। सुबह आपका चेहरा एकदम फ्रेश दिखेगा। आप चाहे तो इसे लगाकर गर्म पानी की भाप लें। चेहरे पर जमा डस्ट निकल जाएगी।

बेसन और दूध - दो चम्मच बेसन लें और उसमें दो चम्मच दूध मिलाएं और थोड़ा सा नींबू डाल दें। इसके बाद चेहरे पर अच?छे से लगा लें। और 10 मिनट रखें। चेहरा एकदम ग्लो करने लगेगा।

बेसन और शहद - अगर आपकी स्किन ड्राई है तो 2 चम्मच बेसन लें उसमें दो चम्मच शहद मिलाकर लगाएं। इससे चेहरे पर ड्राइनेस कम होगी। साथ ही स्किन सॉफ्ट और ग्लो करेंगी।

- बेसन और गुलाब जल - अगर आपकी स्किन बहुत अधिक ऑयली है तो दो चम्मच बेसन में गुलाब जल मिक्स करके लगाएं। इससे चेहरे पर जमा अधिक तेल खत्म होगा। और मेकअप लंबे वक्त तक टिका रहेगा।

वैसलीन और विटामिन द्र-यदि आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो अपनी हथेली पर थोड़ा सा वैसलीन लें और विटामिन-द्र का कैप्सूल मिलाकर रात को लगाकर सो जाएं। इसके बाद सुबह उठकर चेहरा धो लें। इससे आपकी स्किन सुबह में अधिक ग?लो करेंगी। इतना ही नहीं अगर आपको कहीं जाना है तो वैसलीन और कैप्सूल लगाने के 5 मिनट भाप 5 मिनट ही भांप लें। इससे आपके चेहरे पर तुरंत ग्लो आएगा। तो कुछ इस तरह आप घर पर चेहरे को ग्लोइंग बना सकते हैं।

- बेसन और दूध - दो चम्मच बेसन लें और उसमें दो चम्मच दूध मिलाएं और थोड़ा सा नींबू डाल दें। इसके बाद चेहरे पर अच?छे से लगा लें। और 10 मिनट रखें। चेहरा एकदम ग्लो करने लगेगा।




























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )